निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम देवेंद्र फडनवीस

• बोकारो, गुरुवार 27 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 190 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## सड़क हादसों में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। ये घटनाएं पांकी, पीपरा और सदर थाना क्षेत्रों में हुईं। सभी शवों का पोस्टमॉर्टम बुधवार को एमएमसीएच में कराया गया। पहली घटना सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव में हुई। यहां एक चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार 29 वर्षीय मिथिलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मिथिलेश पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव के निवासी थे। उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मिथिलेश मेदिनीनगर से इलाज कराकर घर लौट रहे थे। उनकी शादी इसी साल जून में हुई थी और वह माइंस का वाहन चलाते थे। दूसरी घटना पांकी थाना क्षेत्र के ताल गांव में सामने आई। यहां एक पिकअप सवारी गाड़ी की चपेट में आने से 10 वर्षीय लीलेश कुमार की जान चली गई। लीलेश ताल गांव में अपनी बुआ के घर रहते थे और मिठाई की दुकान से लौट रहे थे। ओवरटेक करने के दौरान पीछे से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। लीलेश को पहले पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, फिर एमएमसीएच रेफर किया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। लीलेश इसी थाना क्षेत्र के आसेहार गांव के रहने वाले थे। वहीं, तीसरी दुर्घटना पिपरा थाना क्षेत्र के दुबटिया मोड़ पर हुई। यहां एक वाहन की टक्कर से 52 वर्षीय मजदूर उदेश राम की मौत हो गई। उदेश गहौरा पिपरा के निवासी थे और हरिहरगंज बाजार से लौट रहे थे। मेदिनीनगर की ओर जा रहे एक चार पहिया वाहन ने दुबटिया मोड़ पर उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

### कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में 195 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

# चरित्र मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रों को जीवन में सफलता का मंत्र दिया। राज्यपाल ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति, सकारात्मक सोच और उत्कृष्ट चरित्र ही व्यक्ति को मंजिल तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग अत्यधिक प्रतिस्पर्धा का है, इसलिए युवाओं को स्वयं को तैयार करना होगा और हर अवसर को पहचान कर आगे बढ़ना होगा। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को केवल नौकरी की प्रतीक्षा करने के बजाय स्वयं अवसर सृजन करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश में स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें युवाओं को





अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और इस परिवर्तन का नेतृत्व युवाओं के हाथ में है। यदि छात्र दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो वे न केवल स्वयं सफल होंगे बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आत्मनिर्भरता ही आज की सबसे बड़ी मांग है और आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास, नए प्रयोग और ज्ञान का निरंतर विस्तार अनिवार्य है। राज्यपाल ने युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और यही भविष्य की सफलता की आधारशिला बनती है। कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में कुल 195 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान की गई। जिनमें विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफ़ेसरगण, अधिकारी, कर्मचारी और अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान पूरे कैंपस परिसर में उत्साह का माहौल रहा। समापन सत्र में राज्यपाल ने सभी डिग्रीधारकों व पदक विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र की शक्ति हैं और उनके सपनों के पूरा होने से ही देश समृद्ध और विकसित बन सकता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे लक्ष्य चुनें, निरंतर मेहनत करें, आत्मविश्वास रखें और समाज की सेवा में अपनी भूमिका निभाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### पलामू के युवक की लातेहार में हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार निवासी चंदन भुइयां की लातेहार में हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने बुधवार को हुटार-बरवाडीह मुख्य पथ को पांच घंटे तक जाम रखा। प्रदर्शनकारियों ने शव को सड़क पर रखकर अपराधियों की गिरफ्तारी और मामले के खुलासे की मांग की। चंदन भुइयां का शव दो दिन पहले सोमवार को लातेहार के बरवाडीह थाना क्षेत्र के पुटुआगढ़ जंगल में एक पेड़ से लटका मिला था। शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो पाई थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान उसकी पहचान चंदन भुइयां के रूप में हुई और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के पठलौटिया गांव में 21 वर्षीय शलेहा खातून की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पति समेत पूरे ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां नूरजहां बीवी ने बुधवार को थाना प्रभारी को इस सम्बन्ध में आवेदन दिया है। परिजनों ने तत्काल पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है और रिपोर्ट आने के बाद मामले में गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की संभावना है।

### हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**चाईबासा (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव प्रखंड अंतर्गत पड़सा पंचायत के डाबुसाई गांव में मंगलवार रात हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाई। लगभग 25 हाथियों के इस झुंड ने गांव में घुसकर पांच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और खलिहान में रखी 30 बोरी धान को रौंदकर नष्ट कर दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम बुधवार सुबह डाबुसाई गांव पहुंची। टीम ने प्रभावित परिवारों को हुए नुकसान का आकलन किया।

### पुलिस ने पांच चोरों को किया गिरफ्तार

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ पुलिस ने बंद घरों में चोरी करने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। गिरोह का सरगना मोहम्मद हरिरा है, जिसकी निशानदेही पर अन्य चार सदस्यों को पकड़ा गया। एसपी अजय कुमार ने बताया कि मोहम्मद हरिरा को पहले गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे चोरी के सामान को रामगढ़, हजारीबाग और रांची के विभिन्न स्थानों पर बेचते थे। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह रामगढ़ के कुज्जू घाट और बरकाकाना जैसे इलाकों में बंद घरों को निशाना बनाता था।

## एक लाख का इनामी नक्सली धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** झारखंड में नक्सल विरोधी विशेष अभियान के तहत लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भाकपा (माओवादी) संगठन के रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी नक्सली रविंद्र गंजू के दस्ता सदस्य और एक लाख के इनामी नक्सली राजा हेमंत असुर उर्फ राजन को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसकी टीम के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी रखे हुए है। लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य राजा हेमंत असुर इलाके में घूम रहा है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ वेदांत शंकर, 32 बटालियन एसएसबी के



निरीक्षक मनीष कुमार चौबे, अजीत कुमार और कुरु थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया जिसने प्रारंभिक पूछताछ में अपना नाम रंजीत बताया। तलाशी में उसके पास हथियार और कारतूस मिले। आगे की जांच में उसकी पहचान एक लाख के इनामी नक्सली राजा हेमंत असुर उर्फ राजन के रूप में हुई। कुडू थाना में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार राजा हेमंत का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ 20 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है क्योंकि वह लंबे समय से क्षेत्र में दहशत फैला रहा था।

### ट्रक पलटने से लगी आग जिंदा जला चालक

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तोरपा थाना क्षेत्र के चूरगी गांव के पास बुधवार को खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर लौह अयस्क लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। घटना में ट्रक चालक जिंदा जल गया और खलासी बुरी तरह से झुलस गया है। मृत चालक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं गंभीर रूप से झुलसे खलासी को रेफरल अस्पताल तोरपा में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रक ओडिशा से जमशेदपुर जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर तोरपा के एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम, एसआई अमरेंद्र कुमार मंडल घटनास्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस द्वारा सूचना देने के एक घंटे के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। जिस कारण ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया।

## प्रेमी जोड़े का क्षत-विक्षत शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले के सिसई थाना क्षेत्र की रेड़वा पंचायत स्थित लावागांई झेंगरिया टोंगरी में एक प्रेमी जोड़ी की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी मिलने के बाद सिसई थाना प्रभारी संतोष सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को अंदेशा है कि लगभग एक सप्ताह या उससे पहले युवक-युवती की मौत हुई है। पुलिस ने मामले में आत्महत्या की आशंका जताई है। दोनों लाश काफी सड़ी-गली हालत में हैं जिसके कारण शवों की शिनाख्त करने में पुलिस को परेशानी हो रही थी। सिसई थाना की पुलिस द्वारा तलाशी के क्रम में युवती के पास से एक मोबाइल नंबर बरामद हुआ है जिससे संपर्क करने पर उन दोनों के विषय में पुलिस को जानकारी मिली है। मृत युवक की पहचान ओडिशा के कुम्हार डुंगी निवासी 22 वर्षीय अशोक दास और युवती की पहचान ओडिशा के मयूरभंज निवासी के रूप में हुई है। प्रेमी जोड़े ओडिशा से झारखंड के गुमला कैसे पहुंचे और दोनों की मौत कैसे हुई फिलहाल इस बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी ओडिशा से गुमला के लिए निकल चुके हैं। इस संबंध में गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि युवक और लड़की का शव सिसई थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है। दोनों ओडिशा के रहने वाले थे। दोनों यहां कैसे, पहुंचे पुलिस इस बिंदु पर जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। मृत युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का मामला दर्ज है।

## खेल-खेल में बच्चों ने पुआल में लगा दी आग, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले में आग की दो अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चों को गंभीर हालत में रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पहली घटना कामडारा थाना क्षेत्र के सरिता गांव में हुई। यहां डेढ़ वर्षीय नमन लुगून पुआल के ढेर में लेटा हुआ था तभी अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और नमन को बाहर निकाला लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से जल चुका था। मौके पर उसे गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना पालकोट के बिलिंगबीरा की है। जहां एक साल नौ महीने की शोभा कुमारी पुआल में खेलते समय आग की चपेट में आ गई जिससे वह 80% झुलस गई। उसे भी गुमला सदर अस्पताल से रिम्स रेफर कर दिया गया था लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। घटना को लेकर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि बच्चों ने खेल-खेल में पुआल में आग लगा दी थी। आग की चपेट में आकर दो बच्चे बुरी तरह झुलस गए। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे 90% जल गए जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### रांची में विराट कोहली का जोरदार स्वागत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच को लेकर खिलाड़ियों का पहुंचना जारी है। इसी क्रम में बुधवार को टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज़ विराट कोहली भी रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनके आने की सूचना मिलते ही प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कोहली कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से बाहर निकले और होटल रेडिशन ब्लू के लिए रवाना हुए। उनके साथ टीम के अन्य खिलाड़ी भी मौजूद रहे जिनका स्वागत जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। इससे पूर्व सोमवार देर शाम टीम इंडिया के तेज़ गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी रांची पहुंचे थे।

## जीआरपी ने जब्त किए 40 लाख रुपए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** गया-धनबाद रेलखंड पर स्थित कोडरमा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने एक व्यक्ति को 40 लाख रुपए नकद के साथ पकड़ा। जीआरपी प्रभारी उपेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी रकम लेकर कोडरमा से ट्रेन द्वारा कोलकाता (पश्चिम बंगाल) जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन के लिए जीआरपी प्रभारी के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों और जवानों ने कोडरमा स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर एक युवक एक बैग के साथ खड़ा मिला। संदेह होने पर जीआरपी पुलिस ने उससे नाम-पता पूछा। युवक ने अपना नाम 19 वर्षीय अमित कुमार, पिता सुनील बर्णवाल, निवासी सिकंदरा, जमुई (बिहार) बताया। इसके बाद उससे बैग में रखे सामान की तलाशी लेने को कहा गया। तलाशी के लिए कहने पर युवक घबरा गया और कुछ भी बताने से इनकार करने लगा। इसके बाद युवक को उसके बैग के साथ जीआरपी पोस्ट लाया गया। वहां उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में नगदी बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसके बैग में 25 लाख रुपए नगद है, जिसे वह सोने-चांदी के व्यापार के लिए गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस से कोलकाता लेकर जा रहा था। हालांकि, जीआरपी द्वारा नोटों की गिनती करने पर बैग से कुल 40 लाख रुपए बरामद हुए। जीआरपी ने युवक से पैसों के संबंध में कागजात प्रस्तुत करने को कहा। इस पर उसने कागजात प्रस्तुत करने के लिए एक दिन का समय मांगा। बुधवार सुबह जब उसे टेलीफोन के माध्यम से कागजात लेकर जीआरपी पोस्ट आने को कहा गया, तब भी उसके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद जीआरपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने उक्त पैसों से संबंधित जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। उनके निर्देशानुसार, एसडीओ कोडरमा से आवेदन के माध्यम से एक दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दंडाधिकारी के समक्ष उक्त पैसों की जब्ती सूची बनाकर गिरफ्तार युवक अमित कुमार को आयकर विभाग के हवाले कर दिया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संविधान दिवस पर सीबीसी ने कई जिलों में आयोजित किए जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** संविधान दिवस 2025 के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के झारखंड स्थित विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा राज्य के अनेक जिलों- रांची, धनबाद, डालटनगंज, गुमला, खूंटी और दुमका में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं में संविधान के प्रति सम्मान, समझ और संवैधानिक मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रमों में परिचर्चा, रैली, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताएं और पौधारोपण जैसे विविध आयोजन शामिल रहे। संविधान दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची इकाई द्वारा पीएम श्री विद्यालय, हिनू, रांची में प्रश्नोत्तरी सह परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पौधा





भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर भी परिचर्चा हुई। विद्यार्थियों ने हमारा संविधान, हमारा गौरव नारे के साथ रैली निकालकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू मिंज (प्रोफ़ेसर, इतिहास विभाग, डोरण्डा कॉलेज, रांची) ने संविधान को देश की रीढ़ बताया। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती स्वाती ने कहा कि भारत का संविधान हमारी संस्कृति की गुण ग्रहिता परंपरा का प्रतीक है। केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद इकाई द्वारा राजकीय +2 उच्च विद्यालय, गोविंदपुर में संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया वीरेंद्र रजक, प्रधानाध्यापक विजय कुमार तांती एवं क्षेत्रीय प्रचार प्रभारी राज किशोर पासवान ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पूर्व टोपी और टी-शर्ट के साथ प्रभात फ़ेरी निकाली गई जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बशिष्ठ प्रसाद सिन्हा के निर्देशन में कला निकेतन के कलाकारों ने संविधान दिवस पर आधारित नाट्य-गीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान पेंटिंग, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पौधारोपण भी किया गया। मुखिया वीरेंद्र रजक ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मंच संचालन रविकांत पांडे ने किया। सीबीसी गुमला इकाई द्वारा संविधान दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्थानीय विधायक ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सीबीसी डालटनगंज इकाई द्वारा सेल्फी पॉइंट बनाकर नागरिकों को जागरूक किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, दुमका इकाई द्वारा सिदो कान्हू उच्च विद्यालय, दुमका में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया और हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान संदेश दिया गया। खूंटी में भी सीबीसी की ओर से पटेल बीएड कॉलेज में संविधान की प्रस्तावना का वाचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पत्रकारों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान के मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

## 800 पेटी विदेशी शराब बरामद, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने बंगाल से बिहार जा रहे एक ट्रक से 800 पेटी चंडीगढ़ निर्मित विदेशी शराब बरामद की। इस शराब की अनुमानित कीमत 75 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान एक कार भी जब्त की गई, जो ट्रक को एस्कॉर्ट कर रही थी। उत्पाद विभाग की टीम ने ट्रक की तलाशी ली तो ऊपरी हिस्से में आलू लदा पाया। संदेह होने पर जब आलू हटाई गई तो उसके नीचे बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां छिपाई हुई मिलीं। उत्पाद विभाग के अधिकारी अवर निरीक्षक रवि रंजन ने बताया कि तस्कर जांच से बचने के लिए कृषि उपज को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर शराब की तस्करी कर रहे थे। इस तरीके से शराब को आसानी से एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजा जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान मौके से हरिन्दर सिंह, बिन्दर सिंह, हरपीट सिंह और दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी पंजाब और हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं। प्राथमिक पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं जिनके आधार पर उत्पाद विभाग तस्करी नेटवर्क की आगे जांच कर रहा है। आशंका है कि गिरिडीह जिले के रास्ते कई राज्यों में शराब की आपूर्ति की जा रही थी।य अधिकारी अवर निरक्षक रवि रंजन ने बताया कि यह कार्रवाई तस्करी माफिया के खिलाफ एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब कारोबार से राज्य को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा था। विभाग ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी और तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए निगरानी और कड़ी की जाएगी। अवैध शराब की लगातार हो रही तस्करी को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन और उत्पाद विभाग ने संयुक्त अभियान तेज करने का संकेत दिया है। इसका उद्देश्य जिले को तस्करी का मार्ग बनने से रोकना है।

C M Y K

# हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई : मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 6 अपराधी गिरफ्तार

## 8 बाइक बरामद, 29 मामलों में चोरी की स्वीकारोक्ति



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** सेवा ही लक्ष्य के मूलमंत्र के साथ काम कर रही हजारीबाग पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए कुल 06 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है और विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 08 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। अपराधियों ने पूछताछ के क्रम में जिले में अब तक 29 मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस बाकी चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

26 नवंबर 2025 को लगभग 01:05 बजे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को सूचना मिली कि पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम के पास दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं।

सूचना का सत्यापन और त्वरित कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। कार्रवाई के दौरान छड़वा डैम के पास एक मोटरसाइकिल के साथ मोत्सम अंसारी उर्फ गोलू तथा अविवकास मलिक उर्फ अरबाज को पकड़ा गया। कड़ी पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर लोहसिंघना थाना क्षेत्र के झील एरिया से तीन अन्य अपराधी — मोहम्मद तौसिफ आलम, मोहम्मद सैफ रजा और इस्लाम अंसारी उर्फ करण — चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किए गए। इसके बाद पेलावल ओपी क्षेत्र के पबरा गांव में संदीप कुमार मेहता और गौतम कुमार मेहता के घर से 06 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं और संदीप कुमार मेहता को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरोह का मुख्य सरगना संदीप कुमार मेहता है।

**बरामद सामान**

चोरी की मोटरसाइकिल — 08, मोबाइल — 02 पीस (पेलावल-02, लोहसिंघना-01, सदर-02, कोर्रा-01, बड़ा बाजार-01, बरह-01)

**गिरफ्तार अपराधियों के नाम**

1. मोहम्मद तौसिफ आलम, 2. इस्लाम अंसारी उर्फ करण, 3. मोत्सम अंसारी उर्फ गोलू, 4. अविवकास मलिक उर्फ अरबाज, 5. संदीप कुमार मेहता (मुख्य सरगना), 6. मोहम्मद सैफ रजा।

गिरफ्तार सभी अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते थे और हजारीबाग के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लंबे समय से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

29 अलग-अलग थानों में दर्ज चोरी के मामलों के संबंध में अपराधियों ने स्वीकारोक्ति दी है, जिसमें से 08 मोटरसाइकिल अभी तक बरामद की जा चुकी हैं।

**छापामारी दल में शामिल अधिकारी**

श्री अमित आनन्द, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग, पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, थाना प्रभारी निशांत केरकेटा (लोहसिंघना), थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय (पेलावल ओपी), थाना प्रभारी पंकज कुमार (बड़ा बाजार ओपी), थाना प्रभारी राजदीप कुमार (ईचाक), तकनीकी शाखा, हजारीबाग, सशस्त्र बल लोहसिंघना थाना एवं पेलावल ओपी, पुलिस ने कहा है कि गिरोह के शेष सदस्यों और बाकी चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी के लिए अभियान जारी रहेगा।

# सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को मिल रहा लाभ, शिकायतों का हो रहा ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** पंचायत स्तरीय आयोजित शिविरों में अबतक सेवा का अधिकार सप्ताह के माध्यम से 700 से अधिक नया राशन कार्ड बनाया गया है और करीब 35000 लोगों का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया है सुदूर इलाकों में निवासरत लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना तथा जन-जन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना मुख्य उद्देश राज्य सरकार के निदेर्शानुसार गिरिडीह जिला अंतर्गत "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

जहां पंचायत स्तरीय आयोजित शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व जनोपयोगी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं कार्यक्रम के माध्यम से हर जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं व सुविधाओं से लाभान्वित करने का उद्देश्य है। जिसकी पूर्ति के लिए सभी पंचायतों, नगर निकायों में इस कार्यक्रम का बड़े स्तर पर संचालन किया जा रहा है। ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु कहीं भटकना न पड़े, सरकार उनके पंचायत पहुंचकर उन्हें सरकारी योजनाओं से अच्छादित करें। इसके अलावा इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के माध्यम से 700 से अधिक नया राशन कार्ड बनाया गया है और करीब 35000 लोगों का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि विगत कुछ समय से राशन कार्ड से संबंधित काफी समस्याएं हमारे पास आ रही थी, जैसे नया राशन कार्ड बनाना, राशन कार्ड में नाम सुधार करना, नाम जोड़ना आदि जैसे शिकायतें मिलती रहती थीं, सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण सेवा का अधिकार सप्ताह के माध्यम से सुनिश्चित कराया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन कार्ड से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को राशन कार्ड बनवाना है या नाम जोड़वाना है, उन्हें पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक तथा पारिवारिक मोबाइल नंबर साथ लेकर शिविर में आना होगा। उन्होंने सभी वंचित उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे तय तिथि को अपने पंचायत भवन परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन का चार दिवसीय रक्तदान शिविर सम्पन्न

# 100 से अधिक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, मानवता का अद्भुत उदाहरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** राज्यव्यापी रक्तदान अभियान के अंतर्गत 12 नवंबर से 28 नवंबर तक चल रहे विशेष कार्यक्रम के तहत वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में 23 नवंबर से 26 नवंबर तक चार दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक संदेश दिया।

शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष (ब्लड मैन) निर्मल जैन द्वारा किया गया। शिविर की शुरूआत पंकज कुमार, सोनू कुमार और राज ने रक्तदान कर की, जिसके बाद संजय यादव, नरेश यादव, सोनू वर्मा, संदीप मेहता, आकाश कुमार, सहानूर खान, शक्ति राणा, श्रवण कुमार, पिंटू पासवान, सुधीर कुमार, विशाल सिंह, सुनील कुमार, सूरज कुमार सहित कुल 100 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए रक्त संग्रह कर मानव जीवन बचाने के लक्ष्य को प्राथमिकता दी गई।

श्री निर्मल जैन द्वारा लगातार रक्तदाताओं को रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ और इसके सामाजिक महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है, जिसका सकारात्मक परिणाम इस शिविर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कई लोग पहली बार रक्तदान करके उत्साहित और प्रसन्न दिखाई दिए, तथा उन्होंने भविष्य में भी रक्तदान जारी रखने का संकल्प लिया।

श्री जैन ने कहा कि —'सभी स्वस्थ व्यक्ति जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर है एवं वजन 45 किलो से अधिक है, वे नियमित रक्तदान कर सकते हैं। इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है।'

शिविर को सफल बनाने में मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनभागीदारी और जागरूकता के कारण शिविर के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने भी रक्तदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## गिरिडीह सनशाइन ने स्कूलों में जागरूकता व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ऑरेंज द वर्ल्ड परियोजना के तहत आज इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गुरुनानक स्कूल तथा सीसीएल डीएवी स्कूल में आयोजित हुआ, जहाँ विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महिलाओं पर होने वाली हिंसा के विभिन्न रूपों, उसके प्रभावों और उससे बचाव के उपायों पर विस्तृत जागरूकता वार्ता दी गई। बच्चों में जागरूकता फैलाने हेतु ऑरेंज द वर्ल्ड महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकें विषय से संबंधित स्टिकर भी वितरित किए गए यह समूचा कार्यक्रम क्लब की अध्यक्ष कविता राजगड़िया के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# संविधान देश के हरेक नागरिक को समान अधिकार देता : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** यह कार्यक्रम संविधान के महत्व को याद दिलाने और उसके प्रति निष्ठा को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है संविधान दिवस के मौके पर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई।

इस दौरान उपायुक्त ने संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ ली और दिलाया कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उनसब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए. दृढ़ संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं

इस अवसर पर उपायुक्त ने संविधान के निर्माण और उसके महत्व पर भी प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम संविधान के महत्व को याद दिलाने और उसके प्रति निष्ठा को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने याद दिलाया कि संविधान स्वतंत्रता के बाद देश को एकजुट रखने और नागरिकों को अधिकार व कर्तव्य प्रदान करने के लिए बनाया गया था। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश का संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद को बनाया गया था तथा संविधान सभा द्वारा संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया था। संविधान सभा के 2 साल 11 महीने और 18 दिनों की कड़ी मेहनत के उपरांत भारतीय संविधान को तैयार किया गया।

उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। आज का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। हमारा संविधान सही मायने में हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल उद्देश्यों का बार बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आइए आज हम सब मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठा पूर्वक पालन करने का संकल्प लें। इसके अलावा संविधान दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय समेत सभी अनुमंडल प्रखंड अंचल व अन्य कार्यालयों में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया।

## धमदाहा में संवैधानिक चेतना का संकल्प : गांवों में गूंजा लोकतंत्र का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धमदाहा/पूर्णिया।** संविधान दिवस पर बुधवार को धमदाहा अनुमंडल क्षेत्र जागरूकता की नई लय में डूबा रहा। मुख्यालय से लेकर दूरस्थ गांवों तक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर संविधान की मूल भावना और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। राजघाट गरैल, खनवा, भोटिया, बिशनपुर ककड़बद्धा, मदरौनी, बासा ईटहरी समेत कई टोले इस जागरूकता अभियान के केंद्र बने। राजघाट गरैल में कुमोद पासवान, गगन पासवान और शंकर पासवान ने लोगों को संबोधित किया। वहीं ईटहरी में मनीष रजक और कुकरौन एक में रणजीत राम ने संविधान दिवस के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। सभी वक्ताओं ने इस दिन को सिर्फ औपचारिक समारोह नहीं, बल्कि एक सतत सामाजिक जागृति की प्रक्रिया बताया। कार्यक्रम में कहा गया कि 26 नवंबर वह तारीख है जिसने देश की बड़ी आबादी को समानता, न्याय और गरिमा की नई रोशनी दी। संविधान ने आम लोगों को न सिर्फ अधिकार दिया, बल्कि उन्हें अपने जीवन को नई दिशा देने का बल भी प्रदान किया। विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए यह दस्तावेज परिवर्तन का सशक्त माध्यम साबित हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित ग्रामीणों को संविधान की प्रस्तावना और मूलभूत अधिकारों से परिचित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर नागरिक अपने अधिकार और कर्तव्य दोनों को समझ लें, तो लोकतंत्र की नींव और मजबूत होगी। संविधान दिवस के मौके पर गांवों में उमड़ी जागरूकता ने दिखा दिया कि अब आम जनता संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के प्रति गंभीर है।

# सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर : डॉ. कनौजिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** यूनिसेफ बिहार एवं बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर बच्चेदानी का मुंह के बढ़ते हुए खतरे को लेकर पूर्णिया के एक होटल सभागार में प्रमंडल स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें कटिहार, पूर्णिया अररिया तथा किशनगंज के मीडिया कर्मी शामिल रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचपीभी वैक्सीन तथा सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग से संबंधित सही जानकारी मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाना था। इस दौरान रीजनल एडिशनल डायरेक्टर स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार डॉ. पीके कनौजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण और सही समय पर जांच ही इसका सबसे प्रभावी समाधान है। जिसमें मीडिया लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में अहम माध्यम है। इस अवसर पर यूनिसेफ बिहार की संचार विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को जीवन भर सुरक्षा दे सकती है। लेकिन यह तभी संभव है जब लोगों तक स्पष्ट भरोसेमंद और वैज्ञानिक आधार पर जानकारी पहुंच सके। यूनिसेफ स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अंशुमान ने जानकारी देते हुए कहा कि साल 2022 में देश में 79,103 सर्वाइकल कैंसर के नए मामले आए तथा इससे होने वाली मौतें 34805 दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि वैक्सीन से इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन 9 वर्ष से 14 वर्ष तक के किशोरियों के लिए ज्यादा प्रभावी है। वर्कशॉप में नवभारत टाइम्स के पुर्व सम्पादक मधुरेश सिन्हा तथा यूनिसेफ के स्टेट सीएपी कंसल्टेंट शादाब मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य से संबंधित रिपोर्टिंग में तथ्यों की ठोस जांच तथा मिथकों का खंडन बहुत जरूरी है। ताकि लोग भ्रमित न हों। इस मौके पर कटिहार सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र नाथ सिंह, एनएचएम बिहार के रीजनल प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद कैसर,मीडिया क्षेत्र के सुखसागर नाथ सिन्हा राजेश कुमार दुबे, गौरव साहा,शंभू कुमार रविदास, अमित कुमार पांडेय, पंकज कुमार तथा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## मध्यगोपाली में हार्डवेयर दुकान में चोरी का असफल प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए दो चोर, बढ़ती चोरी से लोगों में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड में चोरी की वारदातों में लगातार वृद्धि से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की देर रात मध्यगोपाली में स्थित एक हार्डवेयर दुकान को निशाना बनाया गया, जहां चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। हालांकि चोरी की घटना पूरी तरह सफल नहीं हो सकी, लेकिन पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

दुकान मालिक कैलाश साव ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह 25 नवंबर की रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह दुकान पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मुख्य ताला टूटा हुआ था और सड़क किनारे फेंका मिला। शक होने पर उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें दो चोरों के स्पष्ट चेहरे और गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। फुटेज में चोर देर रात दुकान के आसपास घूमते, ताला तोड़ने का प्रयास करते और आसपास की परिस्थितियों पर नजर रखते दिखाई दिए।

ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं। दो दिन पहले भी अज्ञात चोरों ने एक घर में छत फांदकर मोबाइल दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें आरोपी का चेहरा भी सीसीटीवी में कैद हुआ था। उस मामले के बाद थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने सूचना देने वालों को इनाम तथा पहचान गोपनीय रखने की घोषणा की थी। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से रात्री गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध लोगों पर कड़ी निगरानी रखने और चोरों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# संविधान दिवस पर चौपारण प्रखंड के 161 विद्यालयों में देशभक्ति का जोश, बच्चों ने अधिकारों और कर्तव्यों की ली सीख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को चौपारण प्रखंड में शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार 26 पंचायतों के सभी 161 विद्यालयों में संविधान दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षक, बाल संसद सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत बाल संसद के प्रतिनिधियों द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन से की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मौलिक अधिकारों — समानता, शिक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सुरक्षा, संरक्षण और भागीदारी के अधिकार के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बच्चों में संविधान के प्रति रुचि और सहभागिता बढ़ाने के लिए दिनभर ड्रॉइंग प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद और समूह चर्चा जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों को समझा। प्रखंड के एमएस सेलहरा, पीएस कसियाडीह, यूएमएस दादपुर, पीएस बहेरा, यूएचएस ब्रह्मोरिया, एमएस सिंहपुर, पीएस चायकाला, यूएमएस दुरागढ़ा, पीएस पड़रिया, एमएस रामपुर, यूपीएस ओबरा, यूएमएस बैरहना, यूपीएस आंबेडकर नगर, पीएस अमझर, जीपीएस तितहीन, एमएस नेवरी कर्मा, बेसिक स्कूल टूथी, पीएस नगवां, पीएस कठम्बा, यूएमएस बनऊ, एमएस रामूकर्मा सहित अन्य सभी विद्यालयों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस सामूहिक आयोजन में सभी शिक्षकों, बाल संसद सदस्यों और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम को पिरामल फाउंडेशन के दुर्गेन्द्र और विद्यालयों के शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से प्रभावी ढंग से संपन्न किया गया। संविधान दिवस के इस व्यापक उत्सव ने बच्चों में देशभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अपने साथी वकीलों को बेहतर जिंदगी देने के लिए मैं तत्पर रहूंगा : उमेश चंद्र मिश्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** बार एसोसिएशन के चुनाव के उम्मीदवार उमेश चंद्र मिश्रा सचिव पद के लिए उम्मीदवार है और नोवी बार लगातार इस पद के लिए नामांकन करते आ रहे हैं उन्होंने घोषणा की सशक्त संगठन एवं समर्पित विद्वान वकील होने के साथ-साथ एक मिलनसार व्यक्ति भी है वर्ग समुदाय जाति इन तमाम संक्रमित से ऊपर और सर्व समाज अधिवक्ताओं के बेहतर जिंदगी देने के लिए समर्पित रहूँगा मै सचिव पद का उम्मीदवार हु उन्होंने कहा सभी वकीलों को बेहतर जिंदगी जीने के लिए समर्पित रहूंगा और उन सभी को बेहतर सुविधा करता रहूंगा अगर मुझे मौका मिलेगा तो इस पद के लिए तो मैं वकालत खाना का कायाकल्प कर बदल दूंगा एवं वकीलों के बेहतर जिंदगी के लिए सदा इन तत्पर रहूंगा और बाहर से बहुत सा अनुदान प्राप्त कर वकीलों को बेहतर जिंदगी देने के लिए उन्हें पूजा परब में वकालत खान की तरफ से ₹10000 देने का काम करूंगा और बहुत सारा योजनाओं को प्रयास करूंगा कि मैं अपने वकील भाइयों को दे सकूं जितना बेहतर से बेहतर सुविधा हो सकेंगे हम सभी वकीलों का इस पद पर रहते हुए उन सभी को लाभ देने का प्रयास करूंगा मुझे मैं सभी से अनुरोध करूंगा कि वह मुझे अपना आशीर्वाद दे अपना मत और हमें इस पोस्ट के लिए जिताये ताकि मैं अपने भाई बंधुओ के लिए बेहतर कुछ कर सकूं मुझे अपना मत दे जिताएं मुझे एक बार फिर मौका दे।

# सड़क किनारे मिले दो नवजातों के अधजले शव

## लोगों की जुटी भीड़, लग रहे तरह-तरह के कयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर** । बिहार के समस्तीपुर जिले के पटोरी नगर क्षेत्र स्थित अनुमंडलीय अस्पताल के बगल में सड़क के किनारे दो अधजले नवजात शिशु का शव फेंका हुआ मिला। चूहे- बिल्ली की तरह मानव शिशुओं के शव पाए जाने की दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई।

देखने से प्रतीत होता है कि शिशु को पहले कूड़े की ढेर में फेंका गया और बाद में पेट्रोल डालकर उसे जला दिया गया। पड़ोस के दुकानदारों ने जब अपना सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि मंगलवार की रात 12:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर सलाई से उसे जलाया। अनुमान लगाया जा रहा है कि नाजायज बच्चों को या बेटी को जन्म देने के बाद उन दोनों बच्चों को जलाकर मार दिया गया।

देखने से पता लगता है कि दोनों जुड़वा बच्चे हैं या फिर एक ही समय दोनों बच्चों का जन्म हुआ था। घटना की सूचना पटोरी थाना पुलिस को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार जब नगर परिषद के कर्मी और कुछ लोग सफाई के दौरान बुधवार की सुबह अनुमंडलीय अस्पताल से पटोरी बाजार की ओर सड़क के किनारे कूड़े के ढेर को जला हुआ पाया। कुछ लोगों ने देखा कि उसमें दो नवजात शिशुओं का अधजला शव भी पड़ा हुआ है ।

शव इस तरह जल गया था कि उसके लिंग की पहचान नहीं हो सकी। बाद में लोगों की भीड़ जमा हो गई। कानों कान यह बात तेजी से फैल गई। मौजूद लोगों ने अनुमान लगाया कि यह कोई नाजायज बच्चा होगा। हालांकि सीसीटीवी कैमरे में मध्य रात्रि में एक अज्ञात व्यक्ति को सलाई से कुछ जलाते हुए वहां देखा गया। इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डा. अमिताभ रंजन से पूछा गया तो उन्होंने बताया उन्हें भी घटना की जानकारी है किंतु यह किसका कुकृत्य है यह नहीं बताया जा सकता।

# छह दिनों तक घर में पड़ी रही वृद्ध की लाश

## दुर्गंध से लोगों का जीना हुआ मुहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी**। शहर के वार्ड संख्या 45 स्थित माली बगीचा मोहल्ला बुधवार को चर्चा का केंद्र बना रहा। जब मोहल्लेवासी छह दिनों तक एक वृद्ध का शहर के घर में पड़े रहने की जानकारी से हैरान रह गए।

अरवल जिले के मूल निवासी माली बगीचा में रहनेवाले राम शयन शर्मा का निधन 20 नवंबर को हो गया था। लेकिन पारिवारिक परिस्थितियों और रीति-रिवाजों के कारण उनका अंतिम संस्कार समय पर नहीं किया गया। राम शयन शर्मा की तीन बेटियों पूनम देवी, पुष्पा देवी और पूजा देवी है। जिसमें दो बेटी पूनम देवी और पूजा देवी शहर में रहती हैं। उनका कोई पुत्र नहीं है।

इस कारण अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी बेटियों और दामादों पर ही थी। बड़ी बेटी पूनम देवी ने बताया कि 24 नवंबर को नाती की शादी थी।

हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार किसी घर में मृत्यु होने पर सूतक लग जाता है। जिससे शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य बाधित हो जाते है।

पूनम देवी ने कहा कि कई पुरोहितों से सलाह ली। पुरोहितों ने बताया कि यदि मृत्यु के तुरंत बाद अंतिम संस्कार किया गया तो घर में सूतक लग जाएगा और शादी का आयोजन प्रभावित होगा।

इसी कारण परिवार ने निर्णय लिया कि शादी संपन्न होने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। इसी वजह से शहर छह दिनों तक घर रखा रहा। इस दौरान मोहल्ले में मामला चर्चा का विषय बना रहा।

मोहल्ले का लोगों ने बताया कि छह दिनों तक शव पड़े रहने से घर और आसपास के क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैलने लगी थी। दुर्गंध के कारण लोगों का अपने घरों में रहना भी मुश्किल हो गया था।इसके बावजूद परिवार ने धार्मिक परामर्श के आधार पर अंतिम संस्कार टालने का फैसला लिया। अंततः 26 नवंबर यानी बुधवार को विष्णुपद श्मशान घाट में स्वजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

# शहीद के बेटे को मिली नौकरी

**छपरा**। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बलिदान हुए बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज के पुत्र मो. इमदाद रजा को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गई। जिलाधिकारी अमन समीर ने उन्हें औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बलिदानियों के स्वजनों के सम्मान और उनके पुनर्वास के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

बिहार सरकार ने मो. इमदाद रजा की शैक्षणिक योग्यता को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्नातक के अनुरूप निम्नवर्गीय लिपिक पद पर नियुक्ति देने का निर्णय लिया था। इस प्रस्ताव पर मुहर 20 नवंबर को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आयोजित जिला अनुकंपा चयन समिति की बैठक में लगी थी। समिति ने विस्तृत जांच के बाद मो. रजा के पक्ष में नियुक्ति की अनुशंसा की थी। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि अनुकंपा आधारित नियुक्ति से जुड़ी सभी फाइलों को जिले में एक महीने के अंदर निपटाने का मानक तय किया गया है, ताकि जरूरतमंद को समय पर सहायता मिल सके।

# टीम इण्डिया के स्टार बल्लेबाज पहुंचे रांची




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच को लेकर खिलाड़ियों का पहुंचना जारी है। इसी क्रम में बुधवार को टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी रांची पहुंचे।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनके आने की सूचना मिलते ही प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कोहली कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से बाहर निकले और होटल रेडिशन ब्लू के लिए रवाना हुए। उनके साथ टीम के अन्य खिलाड़ी भी मौजूद रहे, जिनका स्वागत जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने किया।

इससे पूर्व सोमवार देर शाम टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी रांची पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में फैंस ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। खिलाड़ियों की सुरक्षा, एयरपोर्ट से होटल तक मूवमेंट और उनके ट्रैवल प्लान को लेकर प्रशासन ने सख्त और पर्याप्त इंतजाम किए हैं। जेएससीए प्रबंधन भी खिलाड़ियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है और अगले 24 घंटों में टीम इंडिया और दक्षिण अफ्रीका के अधिकांश खिलाड़ी रांची पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस सेशन का शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। इसके लिए स्टेडियम और नेट प्रैक्टिस क्षेत्र में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रांचीवासियों में इस बड़े मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अमलेश मिश्र की पुस्तक का रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया विमोचन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। रक्षा मंत्रालय के सैन्य इतिहास प्रभाग एवं सेना चित्र प्रभाग में निदेशक व पलामू जिले के खुर्द खुटार, चैनपुर निवासी डॉ. अमलेश कुमार मिश्र की पुस्तक ऑनर्स एंड अवार्ड्स ऑफ द इंडियन आर्म्ड फोर्सेस का विमोचन नई दिल्ली में इंडियन मिलिट्री हेरिटेज फेस्टिवल में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार व सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। पुस्तक सशस्त्र सेनाओं को राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाले 15 सैन्य पुरस्कारों पर केंद्रित है। परंतु इसमें प्राचीन एवं मध्यकाल में दिए जाने वाले पुरस्कारों, ब्रिटिश काल में दिए जाने वाले मेडल्स, सम्मान अथवा संपत्ति व आजादी के बाद दिए गए सभी मेडल्स, उनके रिबन, दिए जाने का विधान, मेडल पहनने के तरीके व उससे संबंधित अन्यान्य विषयों का भी विस्तार से चित्रण किया गया है। इस विषय पर देश में प्रकाशित संभवतः यह पहली पुस्तक है जो रक्षा मंत्रालय के कार्मिकों व रक्षा विषय पर अध्ययन करने वाले लोगों के लिए समान रूप से उपयोगी है। पुस्तक का प्राक्कथन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा है। लब्ध प्रतिष्ठित सैन्य इतिहासकारों ने अनुमोदित इस पुस्तक का प्रकाशन पेंटागन प्रेस नई दिल्ली ने किया है। पुस्तक का मूल्य 1995 रुपये है। डॉ. मिश्र कई पुस्तकों के लेखक हैं। भारत पाकिस्तान युद्ध 1971 पर संपादित इनकी एक पुस्तक डीड्स ऑफ गैलंट्री नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित हुई है। द 1971 वार, डी के इंडिया, दिल्ली से प्रकाशित है। हिंदी भाषा में प्रकाशित डॉ. मिश्र की एक अन्य पुस्तक प्राचीन भारतीय राजनय में गुप्तचरों का महत्व राष्ट्रपति से भी पुरस्कृत है। इनकी एक अन्य पुस्तक पराक्रम गाथा इसमें परमवीर चक्र व अशोक चक्र विजेताओं की कहानी है। प्रकाशन विभाग, भारत सरकार से प्रकाशित है। कालिदास के संस्कृत में रचित अभिज्ञानशाकुंतम का हिंदी अनुवाद उनकी एक अन्यतम श्रेष्ठ रचना मानी जाती है।

## शराब तस्कर धराया

**मुजफ्फरपुर** । ट्रेनों से शराब तस्करी के आरोप में मो.नैयर को मुजफ्फरपुर जंक्शन से जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध पांच महीने पहले 13 मई को सोनपुर रेल थाने में आरपीएफ क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने प्राथमिकी कराई थी।

लखनऊ-बरौनी ट्रेन की जनरेटर पावर कार से 700 बोतल टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ संविदाकर्मी को गिरफ्तार किया गया था। संविदाकर्मी विभूतिपुर थाने के मोहनपुर गांव के वार्ड नंबर-13 निवासी देवेंद्र कुमार महतो का पुत्र गुलशन कुमार ने जीआरपी के तत्काली थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार को बताया था कि वह कुछ दिनों से लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस की जनरेटर पावर कार से प्रतिदिन अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप मुजफ्फरपुर जंक्शन तक पहुंचा रहा है।

## रालोमो में भगदड़ की स्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा**। रालोमो में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ पटेल तथा प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार सहित एक दर्जन से अधिक पार्टी पदाधिकारियों एवं प्रमुख लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।अलग-अलग त्यागपत्रों में पार्टी के इन नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के क्रिया-कलाप पर अंगुली उठाते हुए उसकी कड़ी निंदा की है।

अगले कदम के बारे में कहा कि साथियों से विमर्श करके अगला कदम उठाया जाएगा। बता दें एनडीए का हिस्सा रहते जितेंद्र नाथ पटेल सहित राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला इकाई ने चुनाव में शेखपुरा और बरबीघा में एनडीए समर्थित जदयू के प्रत्याशियों का खुला विरोध किया था। हालांकि, दोनों सीटें जदयू ने ऐतिहासिक अंतर से जीती। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ पटेल के साथ प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश महासचिव राहुल कुमार, प्रमोद यादव, राजेश रंजन, जिलाध्यक्ष पप्पू राज मंडल के साथ प्रखंड अध्यक्षों गोरेलाल कुशवाहा, अमीर राज मंडल, विद्या सागर, प्रेम गुप्ता, सत्येंद्र सिंह ने इस्तीफा दे दिया।

# पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने पढ़ी भारत के संविधान की प्रस्तावना




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू जिले के पंडवा थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। सभी पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने एसआई राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रस्तावना को पढ़ा। एसआई राजू कुमार गुप्ता ने आगे आगे प्रस्तावना को पढ़ा। पीछे से सभी पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने भारत के संविधान के प्रस्तावना को दोहराया। मौके पर एसआई राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि हम, भारत के लोग, भारत को एक (संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।

मौके पर एसआई विजय प्रसाद मेहता, एसआई नवल किशोर सिंह, एएसआई अनुज कुमार तिवारी, एएसआई विजय कुमार रजक, एएसआई शिव प्रसाद महतो, हवलदार महादेव टूटी, हवलदार शंकर सिंह, जिला पुलिस के जवान विनोद कुमार सिंह, सद्दाम हुसैन अंसारी, विजय राम, समाउद्दीन अंसारी, सुरेंद्र यादव, राकेश कुमार, ओमप्रकाश राम, हृदयानंद कुमार, दिलीप कुमार मेहता, विपिन टोप्पो, चालक आरक्षी सुनील कुमार यादव व ठाकुर शिवेंद्र कुमार सिंह ने प्रस्तावना पढ़ी।

# शौच के लिए निकली दो किशोरियों का अपहरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया**। योगापट्टी व गोपालपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से शादी की नीयत से दो किशोरियों का अपहरण कर लिया गया है। मामले में दोनों के स्वजनों ने संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस दोनों मामले की तहकीकात कर रही है। मझौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में उसकी दादी ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। किशोरी 22 नवंबर को घर से शौच के लिए निकली थी, तभी उसके गांव का ही एक युवक उसे भगा ले गया।

किशोरी की दादी ने हसबुद्दीन अंसारी, उसके पिता इद्रीस अंसारी, मां कमरुल नेशा के खिलाफ योगापट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। किशोरी की दादी ने पुलिस से बताया है कि उसकी पोती घर से शौच के लिए निकली थी।


तभी हसमुद्दीन अंसारी उसे बहला फुसलाकर शादी करने के नीयत से भगा ले गया। वह हसमुद्दीन अंसारी के घर पूछताछ करने गई तो अन्य आरोपित गंदी बातें बोलने लगे। मना करने पर मारपीट करने पर उतारू हो गए। वहीं किशोरी के अपहरण का दूसरा मामला गोपालपुर थाना क्षेत्र का है। गोपालपुर थाना में दर्ज कराए गए प्राथमिकी में 13 वर्षीय किशोरी के पिता ने बताया है कि 20 नवंबर को उसकी पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी।

वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू हुई, तो पता चला कि मोहछी निवासी अजय कुमार शादी की नीयत से उनकी पुत्री का अपहरण किया है।

अपहरण में गोपालपुर थाना क्षेत्र के मोगलहिया निवासी विनोद साह व अशोक साह ने अजय कुमार की मदद की है। किशोरी के पिता ने पुलिस से बताया है कि अपहर्ता अजय कुमार विगत तीन वर्ष से विनोद साह के घर रहकर उनके टेंट हाउस में काम करता था।

# एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

## प्रशासन ने यात्रियों का सामान दिल्ली में छोड़ा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। देवघर एयरपोर्ट पर मंगलवार की रात यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि दिल्ली से देवघर की इंडिगो की देर शाम की फ्लाइट करीब एक घंटे के विलंब से देवघर पहुंची। प्लेन से उतरने के बाद लोग अपना-अपना सामान लेने के लिए बेल्ट के पास पहुंचे। कुछ देर तक बेल्ट चलने के बाद अचानक रुक गया। किसी की समझ में नहीं आया कि आखिर हुआ तो क्या हुआ। कुछ देर तक वे बेल्ट के फिर से चालू होने का इंतजार करते रहे, लेकिन वह चालू नहीं हुआ। उसके बाद लोगों ने जानकारी ली तो पता चला कि काफी लोगों का सामान दिल्ली में ही छूट गया था। ये सामान एयरलाइंस की गलती से छूट गया था।

इस कारण लोग हंगामा करने लगे। लोगों के समझ में नहीं आया कि उनका सामान उन तक कैसे पहुंचेगा। लोगों ने एयरलाइंस कंपनी के प्रतिनिधि से बात की। वे भी टाल मटौल करते हुए नजर आए। वे लोगों से सहयोग करने की अपील कर रहे थे।हंगामे को देखते हुए अधिकांश कर्मी वहां से निकल लिए। बाद में लोगों को बताया गया कि उन सभी लोगों का सामान गुरुवार की फ्लाइट से मंगवा दिया जाएगा। उसके बाद उन्हें सामान मिल जाएगा। लोग इस बात से नाराज नजर आ रहे थे, क्योंकि बहुत से लोगों का जरूरी सामान तो लगेज के साथ दिल्ली में ही रह गया था। वहीं, कुछ लोगों को देवघर से बाहर भी जाना था। ऐसे में उनके समझ में नहीं आ रहा था कि सामान के बिना वे क्या करेंगे। जिन लोगों का सामान छूट गया था उन्होंने एयरलाइंस कंपनी के प्रतिनिधि से अपनी शिकायत दर्ज करायी।

ये बताया कि किसका क्या सामान छूट गया है। बहुत से लोगों का सामान छूट गया है। लोगों ने खुलकर अपनी नाराजगी जताई। लोगों ने इसके लिए एयरलाइंस कंपनी की कार्यशैली को जिम्मेवार ठहराया। लोगों का कहना था कि कंपनी की गैर जिम्मेदाराना हरकत के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा है।

वहीं, एयरपोर्ट पर भी कंपनी की ओर से उन्हें सहयोग करने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं थी। कई लोगों ने इसको लेकर अपनी शिकायत भी कंपनी के खिलाफ दर्ज कराया है। सूत्रों के मुताबिक ऐसा पहले भी हो चुका है। एयरलाइंस कंपनी इन गलतियों से सबक नहीं सिख रही है। वहीं इसका खामियाजा यात्रा करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ता है।

## सामूहिक दुष्कर्म, नौ हिरासत में

**पाकुड़**। नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम आदिवासी युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच की और त्वरित कार्रवाई करते हुए नौ युवकों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ चल रही है।

पीड़िता ने नगर थाना में प्राथमिकी कराई है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी रात में ही नगर थाना पहुंच मामले की जानकारी ली। सदर अस्पताल पहुंच पीड़िता से जानकारी प्राप्त की। बताया जा रहा है कि महिला अपने प्रेमी के साथ नगर थाना क्षेत्र के एक आम बगान गई थी। बगान में दोनों ने मिलकर शराब का सेवन किया।

इसी बीच आसपास के कुछ आदिवासी युवकों की नजर महिला पर पड़ी। सभी युवक महिला के पास पहुंचे और उसके प्रेमी की पिटाई कर भगा दिया। प्रेमी डर से भाग निकला। इसके बाद आदिवासी युवकों ने बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी युवक फरार हो गए।

# रॉड से पीट-पीटकर वृद्ध दंपति की हत्या

## गांव में भय और आक्रोश व्याप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गुवा थाना क्षेत्र के लिपुंगा गांव में एक मामूली विवाद ने मंगलवार को एक वृद्ध दंपति की जान ले ली। 72 वर्षीय सर्गिया बालमुचू और उनकी पत्नी 65 वर्षीय मुक्ता बालमुचू अपने घर के आंगन में खटिया पर खून से लथपथ मृत पाए गए। सुबह जब ग्रामीणों ने उन्हें सोया समझकर आवाज दी और प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो चादर हटाने पर दोनों की हत्या का भयावह दृश्य सामने आया। दोनों की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की गई थी।

घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। शुरूआती चर्चाओं में ग्रामीणों ने इसे डायन-बिसाही से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन गुवा थाना प्रभारी नीतिश कुमार ने ऐसी सभी आशंकाओं को खारिज कर दिया। पुलिस जांच में पता चला कि हत्या की असली वजह एक पुरानी रंजिश है।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले गांव के युवक जंगम बालमुचू की चप्पल टूट जाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी मामले में रविवार को पंचायत ने वृद्ध दंपति पर पेनल्टी भी लगाई थी। संदेह है कि पेनल्टी न देने और विवाद के बढ़ने पर आरोपियों ने बदला लेते हुए पति-पत्नी की हत्या कर दी।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है। संभावित आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद लिपुंगा गांव में भय, आक्रोश और सन्नाटा छाया हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि इतने छोटे विवाद में दो लोगों की हत्या होना गांव की सामाजिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। पुलिस प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है और लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है।

# सेमिनार का किया गया आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो**। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में चिन्मया विद्यालय सेक्टर 5 बोकारो में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश त्रिपाठी सचिव चिन्मया विद्यालय बोकारो के द्वारा किया गया। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाए जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम व उससे होने वाले नुकसान, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोड़ने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

स्कूल प्राचार्य सूरज शर्मा ने बच्चों को बताया कि बोकारो में 38.9 प्रतिशत लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते है जिसमें 59.7 प्रतिशत पुरूष, 17 प्रतिशत महिलायें एवं 5.1 प्रतिशत बच्चे ऐसे है जो सिर्फ 13-15 आयु में तम्बाकू का उपयोग करना शुरू कर देते है, जिससे तम्बाकू जनित रोगों से हर दिन 3500 से अधिक भारतीयों की मृत्यु होती है। ऐसे सभी तम्बाकू के आकर्षक उत्पाद से बच्चों को बचना चाहिए। मिश्रा मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल डॉ प्रशांत कुमार के द्वारा बच्चों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से मानसिक रोग के आम लक्षण जैसे उदासी, चिडचिडापन, आत्म विश्वास की कमी, घुटन महसूस करना, आत्म हत्या के विचार आना, बहुत ज्यादा उत्तेजित, खुश रहना, लगातार बोलना, ज्यादा खर्च करना, नींद की कमी, असमान्य व्यवहार जैसे ज्यादा शक करना, सशन्कित रहना, अकेले में बुदबुदाना, कान में काल्पनिक आवाज सुनाई देना आदि व उससे निजात पाने के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चिन्मया विद्यालय के सचिव श्री महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, स्वास्थ्य विभाग डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग चिकित्सक, जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक मनीष एवं अन्य स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)**। हैदरनगर थाना क्षेत्र के पथलौटिया गांव में दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की मां बभंडी गांव निवासी नूरजहां बीबी की ओर से थाना प्रभारी को सौंपे गए लिखित आवेदन में बेटी शलेहा खातून (21) की हत्या का आरोप उसके पति मुबारक अंसारी व ससुराल पक्ष के सदस्यों पर लगाया गया है।

आवेदन के अनुसार शलेहा का निकाह 15 जुलाई को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार कुड़वा खूर्द के पथलौटिया टोला के मुबारक अंसारी (27) से हुआ था। विवाह के समय लड़की के परिजनों ने छह लाख रुपये नकद व फर्नीचर समेत आवश्यक सामान स्वेच्छा से दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पति, देवर, ननद व अन्य ने अतिरिक्त छह लाख रुपये व सोने की चेन की मांग को लेकर शलेहा पर दबाव बनाने लगे।नूरजहां बीबी ने बताया कि दहेज न देने पर शलेहा के साथ लगातार मारपीट की जाती थी।

# पुलिस ने पिछले 24 घंटे में 47 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा**। सारण पुलिस ने पिछले 24 घंटे में जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान में बदमाशों और शराब से जुड़े नेटवर्क पर तगड़ा शिकंजा कसते हुए 24 घंटे के भीतर कुल 47 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की।वारंटी, शराब कारोबारी और शराब सेवन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की, वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों से जुमार्ना वसूलकर कानून-व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर जिले में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और शराब के सेवन, भंडारण, निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान से बदमाशों में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में 13 वारंटी, 17 शराब सेवन करने वाले, 12 शराब कारोबार में संलिप्त,दो हत्या के प्रयास, एक गृहभेदन और दो अन्य मामले से जुड़े अपराधी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब माफियाओं और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाना, साथ ही अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना था। अभियान के दौरान जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई, जहां से कुल 405.78 लीटर शराब बरामद की गई। इसमें 362.50 लीटर देशी शराब, 20.48 लीटर विदेशी शराब तथा 22.80 लीटर स्प्रीट शामिल है।

इसके अलावा पुलिस ने मोबाइल फोन दो, मोटरसाइकिल दो, गैस सिलेंडर एक, गैस चूल्हा एक, टेम्पू एक तथा कुल छह अपहृत सामग्री भी बरामद की है।जिले में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 71 वाहनों से 1,55,500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था बेहतर बनी रहे और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें।

## आज होगी मुन्ना शुक्ला की पेशी

**भागलपुर**। विशेष केंद्रीय कारा, भागलपुर में बंद लालगंज के पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को कड़ी सुरक्षा घेरे में बुधवार को हाजीपुर न्यायालय पेशी को भेजा जाएगा। हाजीपुर न्यायालय में लंबित केसों में उपस्थिति के लिए जेल प्रशासन को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट भेजा गया था। हाजीपुर न्यायालय में पेशी के लिए भेजे जाने की सभी तैयारी पूरी कर ली है। मालूम हो कि पूर्व विधायक को विस चुनाव के दौरान मुजफ्फरपुर जेल में रहते विधि-व्यवस्था प्रभावित होने के खतरे की आशंका व्यक्त करते हुए डीएम-एसएसपी ने जेल आईजी को उन्हें प्रशासनिक आदेश पर दूसरी जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। उक्त अनुरोध पर जेल आईजी ने छह माह के लिए पूर्व विधायक समेत कई अन्य बंदियों को भागलपुर की विशेष केंद्रीय कारा में को शिफ्ट करा दिया था। ज्ञात हो कि करीब 26 वर्ष पूर्व तत्कालीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एवं राजद के वरिष्ठ नेता बृजबिहारी प्रसाद की हत्या आइजीआइएमएस में गोलियों से छलनी करके कर दी गई थी।

## संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस एवं एक पेड़ माँ के नाम के अवसर पर

# दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम शुरू

### भारत का संविधान हर नागरिक की गरिमा का संरक्षक : आलोक चौरसिया

### संविधान सभा के सदस्य और जनजातीय नायकों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय डालटनगंज द्वारा आज गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर (पलामू) में संविधान दिवस 2025, जनजातीय गौरव दिवस तथा पर्यावरण जागरूकता आधारित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के उपलक्ष्य में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक आलोक चौरसिया एवं अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पूर्व एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत परिसर में पौधारोपण किया गया। वहीं विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के तहत सामूदायिक रूप से संविधान के उद्देशिका का पाठ पढ़ा गया। वहीं सभी ने बाल विवाह मुक्त झारखंड की शपथ ली।

विधायक आलोक चौरसिया ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जाति, धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर भारत के हर नागरिक के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने वाला संविधान बनाया है। यह संविधान हमें कर्तव्य, अधिकार और राष्ट्र-निर्माण की प्रेरणा देता है। आज पूरा देश संविधान पर गर्व महसूस करता है।

उन्होंने कहा कि संविधान सभा और स्वतंत्रता संग्राम में पलामू का योगदान अविस्मरणीय रहा है। स्व. यदुवंश सहाय (यदू बाबू) एवं अमीय कुमार घोष (गोपा बाबू) संविधान सभा के सदस्य रहे। वहीं स्व. भागीरथी सिंह



जैसे वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भी इसी मिट्टी की देन हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, नीलांबर-पीतांबर को नमन करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को इन महापुरुषों के योगदान से अवगत होना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन तीन प्रमुख विषयों—संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस और पर्यावरण संरक्षण संबंधित एक पेड़ माँ के नाम को समर्पित है।

इसके पूर्व सभी अतिथियों ने फीता काटकर चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चित्र प्रदर्शनी में संविधान निर्माण की यात्रा की झलक देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी में अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों द्वारा संविधान, जनजातीय विरासत पर प्रस्तुत चित्रों और संदेशों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। लड़ाई बाबा भीम जी लड़े जैसे गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को उत्साह और गौरव से भर दिया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही गीत-संगीत के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान निमार्ताओं के योगदान को स्मरण करना, जनजातीय समुदायों की गौरवशाली परंपराओं से परिचय कराना तथा छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा जगाना है।

इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजित किया गया, जिसमें 30 से अधिक छात्र-छात्राओं के बैंक खाते खोले गए।

कार्यक्रम में संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय (यदू बाबू) एवं स्व. अमीय कुमार घोष (गोपा बाबू) के वंशजों—क्रमशः सुधीर सहाय एवं मनोतोष घोष को सम्मानित किया गया। पलामू प्रमंडल के अग्रणी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी स्व. भागीरथी सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह को भी सम्मान प्रदान किया गया। सभी आगंतुक अतिथियों को पलामू के स्वतंत्रता सेनानी के जीवनी पर आधारित पुस्तक 'पलामू के क्रांतिकारी' भेंट किया गया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वहीं केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित भाषण, रंगोली, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रथम विजेताओं को बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विधायक आलोक चौरसिया के अलावा वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र सुमन, मनोतोष घोष, सुधीर सहाय, दिग्विजय सिंह, केंद्रीय संचार ब्यूरो डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रचार्य डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह 27 नवंबर को होगा।

# मौन चातुर्मास को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मिला स्थान

### सिद्धवड में उपधान 385 माला-रोपण प्रसंग पर छह हजार की जनमेदनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालिताणा, सिद्धवड।** शत्रुंजय महातीर्थ की तलहटी में स्थित पावनभूमि सिद्धवड में उपधान मोक्ष-माला-रोपण का प्रसंग धार्मिक आस्था और विशाल भक्त उपस्थिति के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ।



विधिवत प्रारंभ हुए 385 मोक्ष महामाला आरोहण प्रसंग में छह हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक अवसर का पूर्ण अनुशासन और भक्तिभाव के साथ लाभ लिया।इस दर्शनीय प्रसंग में उपधान तप के नियमों अनुसार पारायण, पूणार्हुति कार्यक्रम तथा धार्मिक आराधनाओं के साथ मौन-साधना का सुंदर उत्सव आयोजित किया गया।

इस अवसर पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा यजमान चंदन परिवार के पंकजभाई के. शाह को चातुर्मास पर्व में अनोखी मौन-शिविर आयोजन के लिए प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। हाल ही में सिद्धवड तीर्थ में चातुर्मास के दौरान 1100 से अधिक साधकों ने 50 दिनों तक आध्यात्मिक आराधना के साथ मौन-व्रत का पालन किया था और इस अवधि में मोबाइल फोन का भी त्याग किया था। यह मौन-व्रत चातुर्मास इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। इस चातुर्मास पर्व और शिविर के लाभार्थी पंकजभाई शाह का परिवार था।

इस अवसर पर आचार्य रश्मिरत्न सूरीश्वरजी महाराजा ने कहा कि वर्षों पूर्व हमारे आराध्य विजयानंद सूरीजी (आत्मारामजी महाराजा) को पालिताणा में आचार्य पद प्राप्त हुआ था। उसके बाद सिद्धवड तीर्थ के इतिहास में यह पहली बार आचार्य पदवी प्रदान की गई है।

इसके अतिरिक्त सिद्धवड में 27 नवंबर को मु. विरति बेन की दीक्षा होने जा रही है। 30 नवंबर को मु. चारित्र, दीपिका और शाश्वत दीक्षा ग्रहण करेंगे। 5 दिसंबर को और तीन दीक्षा होंगी और उसी दिन प्रेम-भुवनभानु परिसर में 108 शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। 7 दिसंबर को पालिताणा की अंकिबाई धर्मशाला में तीन दीक्षाएँ होंगी।

## अनक्लेम्ड डिपॉजिट पर विशेष शिविर 28 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार के निदेर्शानुसार जिले में अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित जानकारी, जागरूकता एवं निस्तारण के उद्देश्य से 28 नवम्बर को एक जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 11:30 बजे से नगर पंचायत कार्यालय, खूंटी के सभागार में आयोजित होगा। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक, राँची के वरीय अधिकारी बिनोद बिहारी मिश्रा, उप महाप्रबंधक, बिमला भगत, उप महाप्रबंधक, अरविंद एक्का, सहायक महाप्रबंधक के अलावे जिले के समस्त बैंक समन्वयक एवं एलआईसी प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शिविर में बैंक प्रतिनिधि आमजनों को अपने बैंकों में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े बचत खातों , सावधि जमा , पीपीएफ एवं अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही ऐसी सभी राशियों की प्राप्ति हेतु आवश्यक दस्तावेज, प्रक्रिया एवं दावों के निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# सेवा का अधिकार शिविरों में जारी रहा त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में बुधवार को आपकी योजनाझआपकी सरकारझआपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों में लोगों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। सुबह से ही पंचायत परिसरों में ग्रामीणों का भीड़ उमड़ पड़ा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अभियान के पांचवे दिन भी सरकारी सेवाओं और योजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह कम नहीं हुआ है। शिविरों में जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने लाभुकों की समस्याओं और आवेदनों को गंभीरता से सुना। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया जबकि कुछ आवेदन त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंपे गए। अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं दरवाजे पर उपलब्ध कराना है, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक दौड़-भाग से मुक्ति मिले।

मंगलवार को भी प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों ने पूरे दिन विभिन्न शिविरों का दौरा करते रहे। उन्होंने विभागीय स्टालों की प्रगति की समीक्षा की और ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। निरीक्षण करने वाले पदाधिकारियों में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा तथा जिला पंचायती



राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम शामिल थे। पदाधिकारियों ने लाभुकों की शिकायतों और जरूरतों को समझते हुए विभागीय टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अभियान के पांचवे दिन भी विभिन्न प्रमाण पत्रों और सरकारी सुविधाओं से संबंधित सेवाओं के लिए बड़ी संख्या में आवेदन पहुंचे। जिन सेवाओं के लिए सर्वाधिक आवेदन आए, उनमें शामिल हैं - जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं एवं अन्य लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि। ग्रामीणों ने बताया कि पहले इन कार्यों के लिए उन्हें कई कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब सभी सेवाएं एक ही स्थल पर उपलब्ध होने से उन्हें काफी राहत मिली है।

शिविरों में प्रशासन द्वारा उत्तम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। पंचायत परिसरों में हेल्प डेस्क, पेयजल की व्यवस्था, बैठने के लिए उचित स्थान, पुलिस सहायता केंद्र, मीडिया सेंटर और तकनीकी सहयोग उपलब्ध रहा। इन सभी व्यवस्थाओं से लाभुकों को आवेदन प्रक्रिया निपटाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आपकी योजनाझआपकी सरकार-आपके द्वार अभियान वास्तव में सरकारी सेवा वितरण को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बना रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ तेजी से और सरलता पूर्वक पहुंचाना है, और अब तक की प्रगति उत्साहजनक है।

### बिजली समस्या को ले जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डालसा के निर्देश पर बुधवार को पांकी प्रखंड क्षेत्र सहित पलामू जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में बिजली से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। लोगों को जागरूक करने के लिए खेत - खलिहान तक पीएलवी पंहुचे व लोगों को जागरूक किया। पांकी प्रखंड क्षेत्र में पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति व शैलेंद्र कुमार पांडेय ने पांकी प्रखंड के सुड़ी, हूरलौंग, सलगस, भरी, पांकी, तेतराई समेत कई जगहों पर बिजली से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर लोगों का जागरूक किया।

# संविधान दिवस पर याद किए गए गोपा बाबू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को अमीय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू को याद किये गये। इस अवसर पर पलामू जिले के स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व विधायक व संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मेदिनीनगर के बंगाली समिति व बंगीय दुर्गा बाड़ी के द्वारा बंगला स्कूल के सामने स्थापित संविधान पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख गौरव पुष्कर, गोपा बाबू के वंशज मनोतोष घोष, पलामू से तालुक रखने वाले एक अन्य स्वतंत्रता सेनानी व संविधान सभा के सदस्य स्वर्गीय यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू के पुत्र सुधीर सहाय, दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव द्विवेंदु गुप्ता, मासूम आर्ट ग्रुप वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती ने सामूहिक रूप से गोपा बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर देवेश मोइत्रा ने गोपा बाबू के जीवनी पर प्रकाश डाला। गौरव पुष्कर ने बताया कि गोपा बाबू अपने आदर्शों के लिए जाने जाते थे। ये पलामू के लिए काफी गौरव की बात है कि वे और यदु बाबू संविधान सभा के सदस्य थे। वे संविधान को बनाने अपना योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता को बचाए रखने के लिए संविधान की जरूरत होती है और हमें अपने देश के संविधान में लिखे अधिकार और कर्तव्यों का पालन निष्ठा पूर्वक करना चाहिए। इससे पहले बंगाली समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशीष दाशगुप्ता, सौभिक दत्ता, सुदीप रॉय चौधरी, देवाशीष दासगुप्ता, गौतम घोष, मासूम आर्ट ग्रुप के अमर भांजा, कनक लता तिर्की, राज प्रतीक पाल, मोहम्मद नसीम आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया।

# उपायुक्त संग सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान के प्रति व्यक्त की अपनी प्रतिबद्धता

### संविधान हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधारस्तंभ : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** आज संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आर रॉनिटा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़कर संविधान के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनः स्मरण किया गया।

उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान की मूल भावना के प्रति अपने अटूट विश्वास और निष्ठा को दोहराते हुए यह संकल्प लिया कि वे संविधान द्वारा प्रदत्त कर्तव्यों और



नैतिक दायित्वों का पूर्णतः निर्वहन करेंगे। उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा ने अपने संबोधन में संविधान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की नींव है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि- हमारे दैनिक कार्यों, नीतिगत निर्णयों और सरकारी दायित्वों के केंद्र में संविधान के आदर्श होने चाहिए। एक जिम्मेदार अधिकारी तथा नागरिक होने के नाते संविधान के प्रति सम्मान और इसके सिद्धांतों का पालन करना हमारी मूल जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील किया कि वे अपनी सेवाओं के प्रति सदैव समर्पित रहें।

उल्लेखनीय है कि संविधान दिवस के अवसर पर जिले एवं प्रखंडों के सभी सरकारी कार्यालयों में एक साथ संविधान प्रस्तावना पढ़ा गया, जिससे सरकारी कर्मियों में संवैधानिक जागरूकता तथा जिम्मेदारी की भावना को और सशक्त किया जा सके।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, डीसीएलआर अरविंद कुमार, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# मानव श्रृंखला का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 26 नवम्बर 2025 को ब्लास्ट फर्नेस विभाग की मुख्य सड़क पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य व्यवहार को सुदृढ़ करने हेतु एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व, सजगता और सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना था। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मियों को संबोधित करते हुए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। रंजन ने सभी कर्मचारियों से सुरक्षा उपकरणों के सही एवं पूर्ण उपयोग, निरंतर सतर्कता बनाए रखने तथा स्वयं एवं सहकर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (ब्लास्ट फर्नेस) धनञ्जय कुमार सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक मौजूद रहे।

# शिविरों में बड़ी संख्या में लाभुक हो रहे लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले में चल रहे सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 नवम्बर को भी जिलेभर में सभी प्रखंडों एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

खूँटी प्रखंड के सिलादोन एवं भंडरा पंचायत, कर्रा प्रखंड के जरिया, बकसपुर एवं गोविन्दपुर पंचायत, मुरहू प्रखंड के मुरहू एवं गोड़ाटोली पंचायत, अड़की प्रखंड के तिरला एवं तिनतिला पंचायत, तोरपा प्रखंड के मरचा एवं उड़ीकेल पंचायत तथा रानियां प्रखंड के खटंगा पंचायत में शिविर आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत क्षेत्र में भी वार्ड संख्या 13 स्थित सोलर वाटर पंप मैदान, वार्ड संख्या 14 में दादुल घाट तालाब के पास एवं वार्ड संख्या 15 स्थित नगर भवन खूँटी में शिविर अयोजित किए गए। इन शिविरों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर प्रबंधक, स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

जिलेभर में लगे शिविरों में जन्म-मृत्यु



प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, भूमि मापी, दाखिल-खारिज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य सेवाओं हेतु प्राप्त आवेदनों का त्वरित निपटारा किया गया।

अनेक मामलों का समाधान स्थल पर ही कर दिया गया, जबकि लंबित आवेदनों को समयबद्ध निष्पादन के लिए पंजीबद्ध किया गया।

इसके अलावा कई शिविरों में ऑन द स्पॉट सर्वजन पेंशन स्वीकृति, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र वितरण, राशन कार्ड सेवाएँ, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र, श्रम विभाग का संगठित कार्ड, छात्राओं के बीच साईकल वितरण, आपूर्ति विभाग के अंतर्गत धोती-साड़ी-लुंगी वितरण, ट्राई साइकिल वितरण, जेएसएलपीएस दीदियों को क्रेडिट लिंकज सुविधा एवं आईडी कार्ड वितरण, गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री वितरण, सहित कई सेवाएँ ऑन-द-स्पॉट उपलब्ध कराई गईं। अनेक आवेदनों का निपटारा स्थल पर ही किया गया, जबकि कुछ को समयबद्ध निष्पादन हेतु पंजीबद्ध किया गया।

उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार वरीय अधिकारियों की टीम– उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, समाज कल्याण पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी, डीसीएलआर अरविंद ओझा सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, सेवा की सहज उपलब्धता, दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया एवं व्यवस्था की समग्र स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

लाभुकों ने शिविरों में त्वरित सेवाएँ प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि 28 नवम्बर तक आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुँचकर सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

## स्टेट इंश्योरेंस प्लान को ले जागरूकता वैन रवाना

**बोकारो।** बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस द्वारा संचालित जागरूकता वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) अबिद हुसैन, बैंक ऑफ इंडिया जोनल कार्यालय के प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र मिश्रा, तथा एसयूडी लाइफ से बिपिन बिहारी आदि उपस्थित थे। यह अभियान स्टेट इंश्योरेंस प्लानझ झारखंड के तहत शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत जागरूकता वैन 26 नवम्बर 2025 से जिले के प्रमुख प्रखंड - चंदनकियारी, कसमार, नावाडीह तथा पेटरवार प्रखंड का भ्रमण करेगी। वैन 100 से अधिक गांवों और 20 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर पंचायत स्तरीय गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक और जनझसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी। अभियान के प्रमुख आकर्षणों में से एक वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की पहल - अनक्लेमड अमाउंट- योर मनी,योर राइट है, जिसके माध्यम से लोगों को बीमा कंपनियों एवं बैंकों में जमा अप्राप्त - अनक्लेम्ड राशि की पहचान एवं उसे प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जाएगी। अभियान में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के संबंध में भी ग्रामीण जनता को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। जिसमें पात्रता, वार्षिक प्रीमियम तथा 2 लाख का जीवन बीमा कवर आदि शामिल है। पंचायत स्तर पर संचालित गतिविधियों, ऑडियोझविजुअल संचार साधनों और ग्राम स्तरीय संवाद के माध्यम से यह पहल जिले में वित्तीय जागरूकता को मजबूत करेगी और सुनिश्चित करेगी कि बोकारो जिले के नागरिक अपने वित्तीय अधिकारों एवं बीमा लाभों तक पूर्ण रूप से पहुंच बना सकें।


## विभिन्न संविदाओं के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित संविदाओं के लिए ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं: ●**श्रेणी: विज्ञापन। (1) नीलामी सूचीपत्र सं.:** एडीवीटी75; **लॉट सं./श्रेणी: (i)** एडीवीटी-आद्रा-एसओएनए-ओएच-124-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम)), **(ii)** एडीवीटी-आद्रा-बीबीएम-ओएसएन-121-25-2 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **(iii)** एडीवीटी-आद्रा-केएसएक्स-ओएसएन-128-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **(iv)** एडीवीटी-आद्रा-वीएसयू-ओएसएन-44-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **(v)** एडीवीटी-आद्रा-एसएलबी-ओएसएन-42-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **(vi)** एडीवीटी-आद्रा-सीडीजीआर-ओएसएन-35-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 11.12.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 11.12.2025 को 13:20:00 बजे। **(2) नीलामी सूचीपत्र सं.:** एडीवीटी76; **लॉट सं./श्रेणी: (i)** एडीवीटी-ईएफएफ-248460-1-24-1 (विज्ञापन-ट्रेन की बाहरी सतह (सम्पूर्ण फेस)), **(ii)** एडीवीटी-आद्रा-वीएसयू-ओएच-17-25-2 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), **(iii)** एडीवीटी-आद्रा-सीएनआई-ओएच-5-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), **(iv)** एडीवीटी-आद्रा-बीक्यूए-ओएसएन-104-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **(v)** एडीवीटी-आद्रा-बीयूआरएन-ओएसएन-108-23-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **(vi)** एडीवीटी-आद्रा-जीबीए-ओएसएन-122-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 12.12.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 12.12.2025 को 13:20:00 बजे। ●**श्रेणी: पार्सल स्कैनर। नीलामी सूचीपत्र सं.:** पार्सलस्कैनर09; **लॉट सं./श्रेणी:** एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-पीएस-15-24-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-पार्सल स्कैनर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 12.12.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 12.12.2025 को 12:30:00 बजे। ●**श्रेणी: एटीएम। नीलामी सूचीपत्र सं.: (i)** एटीएम-आद्रा-एसएलबी-जीईएन-15-25-1 (एटीएम-सामान्य), **(ii)** एटीएम-आद्रा-बीजेई-जीईएन-13-25-5 (एटीएम-सामान्य), **(iii)** एटीएम-आद्रा-एएनआर-जीईएन-14-25-1 (एटीएम-सामान्य), **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 11.12.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 11.12.2025 को 12:50:00 बजे। ●**श्रेणी: प्रतीक्षा कक्ष प्रबंधन। नीलामी सूचीपत्र सं.:** डब्ल्यूआरएल07; **लॉट सं./श्रेणी:** पीएनयू-आद्रा-पीआरआर-डब्ल्यूआरएल-57-25-1 (पे एंड यूज - लाउंज/प्रतीक्षालय/विश्रामकक्ष/सामान घर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 12.12.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 12.12.2025 को 12:30:00 बजे। **टिप्पणी:** प्रस्तावित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(PR-883) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

### डॉ. दिलीप जायसवाल ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आइआइटीएफ में बिहार पवेलियन का किया निरीक्षण

# स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों में मजबूत स्थान दिलाना हमारा लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में 'बिहार पवेलियन' का निरीक्षण किया तथा उद्योग विभाग के अधिकारियों से बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देने की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यहां मधुबनी पेंटिंग, मखाना, भागलपुर सिल्क सहित बिहार की विशिष्ट स्थानीय पहचान वाले उत्पादों की प्रदर्शनी एवं उनकी बाजार क्षमता की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाते हुए राज्य सरकार का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को सिर्फ देश में ही नहीं, वैश्विक बाजारों में भी मजबूत स्थान दिलाना है। बिहार की कला, संस्कृति और उद्योग को नई गति देकर हम विकसित बिहार की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का लक्ष्य बिहार को आत्मनिर्भर बनाना है। यह मेला 27 नवंबर तक चलेगा। नई दिल्ली प्रवास के दौरान बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल कृषि भवन पहुंचकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर से शिष्टाचार मुलाकात की और बिहार में कृषि में संभावनाओं को लेकर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर से भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने बिहार के कृषि क्षेत्र को अधिक मजबूत, आधुनिक और उत्पादक बनाने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

इस क्रम में दोनों के बीच कृषि विविधीकरण, मूल्य संवर्धन, कृषि-आधारित उद्योगों के विस्तार, किसानों की आय वृद्धि तथा नई तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक संभावित कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा बिहार के किसानों की आय बढ़ाने को लेकर उठाए गए कदमों की चर्चा की गई।

## संविधान के आदर्शों को अपनाएं : सभापति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने संविधान दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने संविधान के आदर्शों को अपनाने और आधुनिक प्रगतिशील भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर सभापति एवं अन्य पदाधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि संविधान के आदर्शों को अपनाकर एक आधुनिक प्रगतिशील भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने बुधवार को जारी संदेश मेंसभी प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपील की कि आइए, हम सब इस शुभ अवसर पर संविधान निर्माताओं को याद करें। इस मौके पर बिहार विधान परिषद में सभापति एवं सचिव अखिलेश कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

# भारत महा इवी रैली पहुंची बिहार, राज्यपाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत महा इवी रैली, जिसे विश्व की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक वाहन रैली के रूप में मान्यता प्राप्त है ने अपने 77वें दिन को पूरा किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव मिश्रा एवं सिटीजन केयर ग्रुप के सीएमडी चंदन कुमार ने रैली को झंडी दिखा कर अपनी शुभकामनाएं दी। इस रैली ने अब तक 23 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा किया है जिसमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल, सिक्किम, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और बिहार शामिल हैं। इसके अलावा रैली ने भूटान और नेपाल का भी दौरा किया है। सिटीजन केयर ग्रुप के सीएमडी चंदन कुमार ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों के मन में व्याप्त भय को दूर करना और यह साबित करना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों से लंबी दूरी की यात्रा संभव है। भारत महा इवी रैली का उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की वर्तमान स्थिति की व्यापक समझ प्रदान करना है। सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ जुड़कर, रैली भविष्य की नीतियों और पहलों को सूचित करने के लिए प्रथम हाथ की जानकारी एकत्र कर रही है।

## सांसद सुदामा प्रसाद ने मंडल रेल प्रबंधक दानापुर विनोद कुमार के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय दानापुर में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के साथ एक बैठक में यात्री सुविधाओं एवं आरा संसदीय क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों एवं अन्य परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा सांसद का लक प्लांट देकर स्वागत किया गया। बैठक में सांसद के द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए।

# बिहार विद्यापीठ के देशरत्न सभागार में मना संविधान दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ के देशरत्न सभागार में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी. एड. एवं डी. एल. एड. के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल छह समूह थे जिनका नाम मजहरुल हक ग्रुप, अंबेडकर ग्रुप, सरोजिनी ग्रुप, ब्रजकिशोर ग्रुप, जयप्रकाश ग्रुप तथा राजेंद्र ग्रुप थे। कार्यक्रम सफल संचालन सामाजिक विज्ञान समूह के शिक्षकों चंद्रकांत आर्य, रिंपल कुमारी, डॉ प्रतिमा कुमारी, कमलेश कुमार द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्रोफेसर चंद्रकांत आर्य द्वारा संविधान की महत्ता को बताते हुए किया गया। इस प्रतियोगिता को सृजनात्मक तथा नवाचार बनाने के लिए ऑडियो विजुअल, डिबेट तथा विभिन्न मौलिक अधिकारों से संबंधित समस्या समाधान प्रश्न को रखा गया। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर ब्रजकिशोर ग्रुप, जयप्रकाश ग्रुप तथा राजेंद्र ग्रुप ने अपना स्थान बनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रश्न बनाने की विधा विकसित करना है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को निर्देशित करते हुए कहा कि उन्हें ये सभी तरीके अपनी तथा छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन संविधान की प्रस्तावना की शपथ के साथ की गई। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ राणा अवधेश, निदेशक शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ मृदुला प्रकाश, ए आई सी के सी ओ ओ प्रमोद कर्ण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा, सभी शिक्षक गण, सभी प्रशिक्षु गण एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 ने भारतीय संविधान के 75वें वर्ष का उत्सव मनाया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र-1 ने आज भारतीय संविधान के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर बिहार और झारखंड स्थित अपने सभी कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में संवैधानिक आदर्शों - न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के महत्व का स्मरण कराना था। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 ने इस ऐतिहासिक दिन को 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' थीम के साथ मनाया और सभी कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों को अपने कार्य और जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया।

# बिहार में मंदिरों के पुनर्जागरण की मॉडल पहल, सभी जिलों में नियुक्त होंगे संयोजक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में धार्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने राज्य के सभी 38 जिलों में 38 संयोजक नियुक्त करने का निर्णय लिया है जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और धार्मिक गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह निर्णय केवल प्रशासनिक कदम नहीं बल्कि बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को पुनर्जीवित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। राज्य में परिषद से पंजीकृत मंदिरों और मठों की संख्या 2,499 है। नए संयोजकों का चयन इन्हीं संस्थानों के मुख्य महंतों में से किया जाएगा। उनका दायित्व मंदिरों की दैनिक गतिविधियों का समन्वय, पूजा-पद्धति को सुव्यवस्थित करना, धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों को सशक्त करना होगा। चयन प्रक्रिया अगले 152 दिनों में शुरू होगी। परिषद ने सभी मंदिरों और मठों में हर पूर्णिमा को सत्यनारायण कथा और अमावस्या को भगवती पूजा अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया है। परिषद का मानना है कि इससे धार्मिक अनुशासन, जनभागीदारी और सांस्कृतिक जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके साथ ही मंदिरों में अखाड़ा निर्माण की योजना भी शामिल है जिससे युवाओं में अनुशासन, संस्कार और शारीरिक प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। राजगीर में सनातन धर्म पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की भी घोषणा की गई है जिसका उद्देश्य बिहार की वैश्विक आध्यात्मिक पहचान को मजबूत करना और विदेशी शोधकर्ताओं व साधकों को आकर्षित करना है। परिषद जल्द ही धार्मिक कैलेंडर भी जारी करेगी जिसमें त्योहारों, धार्मिक तिथियों, संस्कारों और पूजा विधियों का विवरण शामिल होगा। यह कैलेंडर मंदिरों और मठों के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। परिषद का कहना है कि मंदिरों को सामाजिक सुधार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# पूर्व मध्य रेल में संविधान दिवस का आयोजन

### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूर्व मध्य रेल में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संकल्प लेते हैं पढ़ी गयी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ में अस्पताल विकास समिति की 55वीं बैठक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** डा. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी), कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना की अध्यक्षता में 26 नवंबर, 2025 को अस्पताल विकास समिति की 55वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार क्षेत्र द्वारा कई महत्वपूर्ण सलाह दिये गए एवं अध्यक्ष तथा उपस्थित सदस्यों की सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय निदेशक द्वारा जोर दिया गया कि अस्पताल हित में लंबित सभी प्रकार के टेंडरों को जल्द ही पूर्ण किया जाना चाहिए जो प्रक्रिया मुख्यालय स्तर पर लंबित है या उनके परामर्श की आवश्यकता है, उसके लिए मुख्यालय से पत्राचार किया जाए। इसके लिए अध्यक्ष द्वारा भी संबंधित अधिकारी को सलाह दी गयी। क्षेत्रीय निदेशक द्वारा सलाह दी गई कि संप्रति इएसआइसी द्वारा संचालित गांधी मैदान से कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहटा जानेवाली बस कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ से ही चलनी चाहिए और टोकन सिस्टम होने चाहिए, ताकि सिर्फ पात्र लोग ही लाभ उठा पाएं। यह भी निर्णय लिया गया कि अस्पताल की सभी गतिविधियों, अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं टाई-अप अस्पतालों की अद्यतन सूची को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए। इसके अतिरिक्त अस्पताल में मुख्य-मुख्य स्थल की निगरानी एवं पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरे एवं अस्पताल के सभी पहुंच मार्गों में बड़ा बोर्ड भी लगाए जाएं।

# दानापुर मंडल में संविधान दिवस का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की वर्षगांठ के अवसर पर दानापुर मंडल में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दानापुर रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं का वाचन किया।

# एनटीपीसी करेगा ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

### राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में बिहार भर से चयनित 100 छात्र होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत 28 नवम्बर को ज्ञान भवन, पटना में ऊर्जा संरक्षण-2025 पर राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य बिहार के स्कूली छात्रों को ऊर्जा संरक्षण एवं सतत जीवन शैली के महत्व को सृजनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष प्रतियोगिता को छात्र-छात्राओं का सबसे ज्यादा साथ मिला है। कक्षा 5 से 10 तक के रिकॉर्ड 5,961 छात्र-छात्राओं ने इसमें पंजीकरण कराया। राज्यभर के 106 विद्यालयों में आयोजित प्रारंभिक चरणों के बाद 100 चयनित छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है जहां वे ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऑन-स्पॉट पेंटिंग बनाएंगे। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक विजय गोयल, सुजाता लेडिज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल सहित एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बिहार के शिक्षा विभाग जुड़े विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित जूरी पैनल प्रतिभागियों की रचनात्मकता, मौलिकता और विषय से प्रासंगिकता के आधार पर चित्रों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा करेगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 3.50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। दोनों श्रेणियों के विजेताओं में श्रेणी-अ के तहत कक्षा 5-7 एवं श्रेणी-ब में कक्षा 8-10 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को 11 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पेंटिंग प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

## कांग्रेस हर हाल में करेगी देश के संविधान की रक्षा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्व नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि संविधान दिवस के मौके पर हम खुशकिस्मत हैं कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के दूरदर्शी सोच से बने हमारे वृहद संविधान में देश की एकता, अखंडता, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व को मजबूती मिली। संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के संकल्प को मजबूती से सभी कांग्रेसजन दोहराते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे पर बढ़ते खतरे को देखते हुए जन-जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। देश आज ऐसे राजनीतिक विचारधारा के गिरफ्त में है जो लगातार संवैधानिक मूल्यों की हत्या कर रहा है, ऐसे में अब संविधान ही एकमात्र युक्ति है जो हमें एकता के सूत्र में पीरो सकता है और हमें इसकी रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का यह उचित समय है।

## बहुजन समाज पार्टी की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में आकाश आनंद शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बहुजन समाज पाटी के तत्वावधान में राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद शामिल हुए। बैठक में राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार भी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों का विश्लेषण करना, संगठनात्मक कमजोरियों की पहचान करना और आने वाले वर्षों के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाना था। आकाश आनंद ने कहा कि बिहार और देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करने का समय आ गया है। आज जब संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में बहुजन समाज, दलित-पिछड़े, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों को संगठित होकर अपनी राजनीतिक भागीदारी को सशक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि बीएसपी सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि बाबा साहेब अंबेडकर के मिशन और कांशीराम साहब के आंदोलन की निरंतर धारा है जिसका उद्देश्य सत्ता नहीं बल्कि समाज का परिवर्तन है। बैठक में संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा कि चुनाव के बाद संगठन पुनर्गठन और सक्रियता के नए चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं को पुनः संकल्पित और सक्रिय करने के लिए ही यह महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई गई है जो संयोगवश संविधान दिवस पर आयोजित हो रही है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे में संविधान दिवस मनाया गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** भारतीय संविधान के अंगीकरण की स्मृति में दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस मनाया गया। अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। संविधान दिवस दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी मंडल कार्यालयों खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी मनाया गया।

## सामाजिक जीवन जीने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण : अभयानंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद ने कहा कि शिक्षा सामाजिक जीवन जीने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक है। यह हमें वैज्ञानिक सामाजिक आर्थिक तथा मनुष्य बनने की कला सिखाता है। अभी आनंद राजधानी के कॉलेज ऑफ कामर्स एंड साइंस के सभागार में के के सिन्हा एवं उमा सिन्हा फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सामाजिक जीवन में प्राथमिक शिक्षा उत्प्रेरक की भूमिका में विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा शिक्षा देने के लिए शिक्षक होना जरूरी नहीं है बल्कि शिक्षक को गुनी व चिंतक होना चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा प्रारंभ काल से ही संकट में है आज विद्यार्थियों को अर्थ संपन्न युग की ओर ले जा रहा है। हर लोगों की इच्छा होती है बच्चा पढ़-लिखकर बड़ा अधिकारी बनकर धन अर्जन करें। उन्होंने कहा आज बच्चों को ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है उनसे प्रश्न पूछने की जरूरत है कि उसने क्या किया है। शिक्षक का काम सही उत्तर देना नहीं बल्कि प्रश्न करना है। इस मौके पर जस्टिस मृदुल मिश्रा ने कहा कि आज परिवार छोटा हो रहा है इसमें महिलाओं की भूमिका बढ़ जाती है इसलिए अभिभावक बच्चों को जन्म दिए तो उसे देखभाल कर बेहतर नागरिक बनाने का काम करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उमा सिन्हा ने बताया 15 साल में के के सिन्हा को कॉलेज ऑफ कामर्स ने सम्मान दिया है यह बहुत ही सुखद बात है।

# संपादकीय

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का दबाव

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद अब अन्य राज्यों में भी इस प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। मगर इन सवालों में अब बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की व्यस्तता और सीमा का मसला भी जुड़ गया है। चुनाव आयोग की ओर से इन अधिकारियों पर जरूरत से ज्यादा दबाव बनाने के आरोप लग रहे हैं। कई राज्यों में बीएलओ के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जिसका विरोध भी हो रहा है। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि चुनाव आयोग की यह कवायद मतदाता सूची में सुधार नहीं, बल्कि अत्याचार का जरिया बन गया है।काम के दबाव के कारण संबंधित अधिकारियों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और कुछ को अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। हालांकि, आयोग का तर्क है कि कुछ अधिकारी इस प्रक्रिया में जानबूझकर लापरवाही बरत रहे हैं। यह सही है कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए मतदाता सूचियों में सुधार जरूरी है। मगर सवाल है कि क्या इस कार्य से जुड़े अधिकारियों पर वास्तव में अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है? अगर ऐसा है तो चुनाव आयोग इस परेशानी को नजरअंदाज क्यों कर रहा है?बिहार के बाद बारह राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में चार नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया गया है, जो चार दिसंबर तक चलेगा। इनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। इस प्रक्रिया का जिम्मा मुख्य तौर पर बूथ स्तरीय अधिकारियों को सौंपा गया है। कई राज्यों में इन अधिकारियों की शिकायत है कि उनके पास काम का बोझ बढ़ गया है और उन पर अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है। वहीं आम लोग भी अपनी परेशानियों के लिए इनसे ही जवाब मांगते हैं।पश्चिम बंगाल में बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। उनकी मांग थी पुनरीक्षण की समय सीमा बढ़ाई जाए, ताकि उन्हें काम के दबाव से राहत मिल सके। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बूथ स्तरीय अधिकारियों का स्वास्थ्य खराब होने और अस्पताल में भर्ती होने की खबरें भी आ रही हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह इन अधिकारियों को पेश आ रही दिक्कतों का कोई हल निकाले।बूथ स्तरीय अधिकारियों का संगठन और विपक्षी दल यह सवाल भी उठा रहे हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग जल्दबाजी क्यों कर रहा है। जिस कार्य के लिए दो-तीन माह की जरूरत है, उसे पूरा करने के लिए सिर्फ एक माह की समय सीमा क्यों तय की गई है?

**ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं या फिर समझौते करने को मजबूर हो जाती हैं।**

## जी-20 शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के सुझावों की रोशनी

(ललित गर्ग)

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है।

जी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र इस बार जिस गंभीर मुद्दे पर केन्द्रित रहा, वह दुनिया के सामने उभरते खतरों की बदलती प्रकृति को स्पष्ट करता है। भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के साथ-साथ ड्रग तस्करी को भी वैश्विक शांति, सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए उतना ही घातक बताया जितना किसी संगठित हिंसा को माना जाता है। उनकी यह चेतावनी केवल कूटनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि बढ़ती वैश्विक वास्तविकताओं का सटीक विश्लेषण है। यह तथ्य अब निर्विवाद है कि मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवाद को ईंधन प्रदान करने वाला सबसे बड़ा स्त्रोत बन चुकी है। अरबों डॉलर का यह अवैध व्यापार केवल अपराध जगत को नहीं बल्कि राष्ट्रों की सुरक्षा, समाज की स्थिरता और युवाओं के भविष्य को भी चूर-चूर कर रहा है।

मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है। ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं या फिर समझौते करने को मजबूर हो जाती हैं। मोदी ने इस पर नियंत्रण के लिये दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता व्यक्त की।

जी-20 देशों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे ड्रग्स के अवैध उत्पादन, वितरण, ऑनलाइन डार्क-नेट व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले भुगतान और सीमा-पार तस्करी पर न केवल नियंत्रण करें बल्कि इसके खिलाफ साझा रणनीति भी अपनाएं। मोदी ने इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए-प्रत्येक देश में अवैध वित्तीय गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण, एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास, डेटा साझाकरण को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करना तथा डिजिटल और साइबर अपराधों के विरुद्ध नई वैश्विक नीति बनाना। एआई का दुरुपयोग आज केवल गलत सूचना फैलाने या साइबर अपराध तक सीमित नहीं रहा; उसके माध्यम से ड्रग्स की ऑनलाइन बिक्री, नकली पहचान, एन्क्रिप्टेड चैनल और तस्करों के गुप्त नेटवर्क को चलाने में भी व्यापक उपयोग होने लगा है। इस पर रोक अब सामूहिक प्रयासों के बिना संभव नहीं।




इस वर्ष का जी-20 शिखर सम्मेलन अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद काफी सफल माना गया। यह सफलता केवल उपस्थिति की संख्या में नहीं बल्कि चर्चाओं की गुणवत्ता, मुद्दों की गंभीरता और लिए गए निर्णयों के ठोस स्वरूप में दिखाई दी। बड़े देशों का एक-दूसरे से समन्वय और वैश्विक चुनौतियों को लेकर स्पष्टता इस सम्मेलन की बड़ी उपलब्धि रही। दुनिया का बदलता भू-राजनीतिक वातावरण, यूक्रेन और मध्य-पूर्व जैसे संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं और ग्लोबल साउथ की महत्वाकांक्षाएं-इन सबके बीच भी यह सम्मेलन शांत, रचनात्मक और समाधान-उन्मुख रहा। यह संकेत है कि दुनिया के राष्ट्र अब प्रतिस्पर्धा से ज्यादा सहयोग को प्राथमिकता देने लगे हैं। ड्रग-तस्करी और आतंकवाद जैसे मुद्दे किसी भी देश की सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते; इसलिए उनका समाधान भी सीमाओं के पार सहयोग से ही संभव है।


मोदी के सुझावों का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है और दक्षिण एशिया में ड्रग-तस्करी का एक बड़ा ट्रांज़िट-पॉइंट भी बनता रहा है। भारत ने तकनीक, कानून और कूटनीति-तीनों स्तरों पर इस खतरे से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनसे दुनिया सीख सकती है। भारत का अनुभव बताता है कि ड्रग-नेटवर्क को समाप्त करने के लिए तीन मोर्चों पर काम करना अत्यंत आवश्यक है-कड़ी सीमा निगरानी, सोशल-मीडिया एवं एआई आधारित निगरानी तंत्र को मजबूत करना, और युवाओं में नशामुक्ति एवं जागरूकता को बढ़ाना। केवल कानून पर्याप्त नहीं; सामाजिक-मानसिक जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है।

जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय, प्रभावशाली और केंद्रीय उपस्थिति ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वे आज वैश्विक परिदृश्य के सबसे सशक्त, निर्णायक और भरोसेमंद नेताओं में अग्रणी हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद विश्व मंच पर नेतृत्व का जो शून्य बन सकता था, उसे मोदी ने अपने संयमित, दूरदर्शी और कूटनीतिक करिश्मे से भर दिया। ड्रग-तस्करी, आतंकवाद, एआई के दुरुपयोग, वैश्विक अर्थव्यवस्था, ग्लोबल साउथ और मानव-कल्याण जैसे विविध मुद्दों पर उनकी स्पष्ट दृष्टि और व्यावहारिक समाधान ने दुनिया को यह विश्वास दिलाया कि भारत न केवल उभरती शक्ति है बल्कि स्थिर और सकारात्मक दिशा दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक भी है। उनकी उपस्थिति ने यह भी रेखांकित किया कि बदलती वैश्विक राजनीति में जहां कई राष्ट्र आंतरिक संघर्षों और नीतिगत अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत एक विश्वसनीय, स्थिर और दूरदर्शी नेतृत्व प्रस्तुत कर रहा है। मोदी का यह उभार केवल भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा नहीं उठाता बल्कि दुनिया को एक ऐसे नेतृत्व का विकल्प देता है जो विकास, शांति, सुरक्षा और वैश्विक सहयोग के नए मॉडल को आगे बढ़ा सकता है और यही आज की दुनिया के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की एकात्म मानववाद के दर्शनशास्त्र को वैश्विक विकास के भविष्य में महत्वपूर्ण बताते हुए दुनिया से इसे अपनाने की अपील की। मोदी ने पारंपरिक ज्ञान, स्वास्थ्य क्षेत्र, क्रिटिकल मिनरल्स, सैटेलाइट डेटा एक्सेस, अफ्रीका में क्षमता निर्माण और ड्रग-टेरर नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उनका कहना था कि इससे दीर्घकालिक शांति, मज़बूती और सतत विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्षता की प्रशंसा की, जिसने कौशल आधारित प्रवासन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णयों पर आगे कार्य हो रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन का संकेत स्पष्ट है: दुनिया अब नए खतरे पहचान रही है और उन पर सामूहिक कार्रवाई के लिए तैयार भी हो रही है। आतंकवाद और ड्रग-तस्करी के गहरे रिश्ते को तोड़ना वैश्विक शांति के लिए अनिवार्य है। यदि आर्थिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित समाज बनाना है, तो ड्रग-पर नियंत्रण करना ही होगा। दुनिया की बढ़ती असुरक्षा का मुकाबला केवल हथियारों से नहीं, बल्कि जागरूकता, संयम, शिक्षा और संवेदनशीलता से होगा। जब तक हम नशे के इस वैश्विक खतरे को एक सामूहिक लड़ाई न मानें, तब तक सुरक्षा केवल एक भ्रम बनी रहेगी। समाज को नशे के खिलाफ खड़ा करना आज समय की बड़ी मांग है-क्योंकि यह केवल एक अपराध के खिलाफ संघर्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने का संकल्प है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जब प्रयास नहीं, प्रवाह जीवन बदलता है



(सुंदरचंद ठाकुर)

मनुष्य की सबसे बड़ी भूल यही है कि वह हर काम को बहुत मेहनत, बहुत तनाव और बहुत दबाव के साथ करने को ही सफलता मान लेता है। हम मान लेते हैं कि जितना अधिक हम खुद को धकेलेंगे, उतना ही जीवन में आगे बढ़ेंगे। पर सच्चाई यह है कि अत्यधिक दबाव मन की शक्ति को कम करता है, ध्यान को बिखेरता है और रचनात्मकता को मार देता है। जिस व्यक्ति का मन भारी हो जाता है, वह स्थिति पर पकड़ तो चाहता है, पर पकड़ ढीली ही पड़ती जाती है।

कभी आपने शेर को शिकार करते देखा है? वह दौड़ते हुए नहीं थकता, वह धीरज से चलता है। वह तनाव में नहीं रहता, वह सजग रहता है। उसकी चाल में एक शांत आक्रामकता होती है, एक ऐसी शांति जो ऊर्जा को क्षीण नहीं होने देती। यह शांत शक्ति ही उसकी जीत का रहस्य है। मनुष्य भी तभी अपने चरम क्षमता पर काम करता है, जब वह शांत बने रहते हुए तीव्र मानसिक ऊर्जा में होता है। इसी को हम प्रवाह की अवस्था यानी फ्लो स्टेट कहते हैं।

जब मन पर दबाव होता है, तो विचार एक दूसरे से टकराने लगते हैं। निर्णय अस्पष्ट हो जाते हैं। शरीर थक जाता है, और कार्य बोझ जैसा लगने लगता है। यह अवस्था हमें लक्ष्य से दूर ले जाती है। हम जितना धक्का देते हैं, मन उतना ही थककर बैठ जाता है। यह विडंबना है कि जो व्यक्ति बड़ी उपलब्धियों का स्वप्न देखता है, यदि वह यही सोचता रहे कि ज्यादा दबाव से ही बड़े काम होते हैं, तो वह अपनी राह स्वयं कठिन बना लेता है।

सच्ची सफलता का आधार दबाव नहीं, बल्कि स्पष्टता है। और स्पष्टता तभी आती है जब मन शांत हो। जब मन के भीतर अनावश्यक हलचल कम हो जाती है, तब सोच गहरी होती है। तब निर्णय सहज आते हैं। तब बड़ी समस्याएं भी एक सुलझी हुई दृष्टि से देखी जाती हैं। कार्य जितना भी कठिन हो, यदि मन शांत है, तो वह बोझ नहीं लगता। लेकिन यदि मन उलझा है, तो साधारण काम भी पर्वत जैसा लगने लगता है।

सहजता किसी आलस्य का नाम नहीं है। सहजता वह अवस्था है जहां मन पूरी तरह उपस्थित रहता है, बिना किसी दबाव के। काम वही है, लक्ष्य वही है, रास्ता वही है पर करने का ढंग बदल जाता है। जैसे जल बहता है बिना शोर, बिना संघर्ष, पर अपनी क्षमता से पत्थरों को काटता हुआ आगे बढ़ता है। जब हम प्रयास करते हैं, तो मन भारी होता है। पर जब हम प्रवाह में होते हैं, तो मन हल्का हो जाता है। और हल्का मन ही रचनात्मक होता है। हल्का मन ही जटिल स्थितियों में भी नए रास्ते खोजता है। हल्का मन ही सीखता है, समझता है और जीवन के अनिश्चित समय में भी स्थिर रह सकता है।

यह प्रवाह की अवस्था यूं ही नहीं आती, इसके तीन आधार हैं। पहला, शरीर को धीमी और गहरी सांसों से संतुलित करना। दूसरा, मन को केवल उसी क्षण में टिकाना जिसमें हम हैं और तीसरा, परिणाम की चिंता छोड़कर केवल कर्म को सम्मान देना। जब व्यक्ति इन तीनों का अभ्यास करता है, तब उसका काम बोझ नहीं, साधना बन जाता है। और जब काम साधना बन जाए, तब चिंता स्वतः ही समाप्त हो जाती है। समय के साथ आप पाएंगे कि वह काम जिसे कभी आप संघर्ष समझते थे, अब सहज हो गया है। वह तनाव जिसे आप अपरिहार्य मानते थे, अब गायब है। और वह रचनात्मकता जो कभी भीतर दब गई थी, अब उजागर हो रही है।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आत्मनिर्भर भारत का सबसे बड़ा उत्सव है ट्रेड फेयर

**यह वह मंच है, जहां भारत अपने भीतर छिपी विशाल संभावनाओं, विविधताओं और नवाचारों को दुनिया के सामने पूरी ऊर्जा और भव्यता के साथ प्रस्तुत करता है। इस वर्ष आयोजित किया जा रहा 45वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला कई मायनों में अत्यंत खास है। यह केवल खरीदारी का मौका नहीं बल्कि हर आगंतुक के लिए सीख, अनुभव, मनोरंजन और वैश्विक सामंजस्य का अनूठा संगम बन चुका है। 'एक भारत, श्रेष्ठभारत' की थीम के साथ यह आयोजन देश की सांस्कृतिक एकता, तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता की भावना और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका को नई पहचान देता है।**

(योगेश कुमार गोयल)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस मेले को 'आत्मनिर्भर भारत का उत्सव' कहना अपने आप में इस आयोजन की महत्ता को दर्शाता है। यह वास्तव में वही स्थान है, जहां भारत दुनिया से मिलता है, दुनिया भारत को समझती है और दोनों मिलकर नए विचारों और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। 14 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक दिल्ली के प्रगति मैदान में 45वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। साल दर साल यह मेला न केवल देश के व्यापार को बढ़ावा देता है बल्कि भारत की विविध संस्कृति, कला, तकनीक और नवाचार को भी दुनिया के साथ साझा करने का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। प्रगति मैदान में हर वर्ष लगने वाला यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला देश की आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी प्रगति का जीवंत उत्सव है। यह वह मंच है, जहां भारत अपने भीतर छिपी विशाल संभावनाओं, विविधताओं और नवाचारों को दुनिया के सामने पूरी ऊर्जा और भव्यता के साथ प्रस्तुत करता है। इस वर्ष आयोजित किया जा रहा 45वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला कई मायनों में अत्यंत खास है। यह केवल खरीदारी का मौका नहीं बल्कि हर आगंतुक के लिए सीख, अनुभव, मनोरंजन और वैश्विक सामंजस्य का अनूठा संगम बन चुका है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की थीम के साथ यह आयोजन देश की सांस्कृतिक एकता, तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता की भावना और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका को नई पहचान देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस मेले को 'आत्मनिर्भर भारत का उत्सव' कहना अपने आप में इस आयोजन की महत्ता को दर्शाता है। यह वास्तव में वही स्थान है, जहां भारत दुनिया से मिलता है, दुनिया भारत को समझती है और दोनों मिलकर नए विचारों और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

यही कारण है कि यह मेला दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा बी2बी और बी2सी मंच बन चुका है, जहां कारोबार, तकनीक, परंपरा, निवेश, नवाचार और संस्कृति सब एक ही स्थान पर आकार लेते हैं। इस वर्ष मेले में 11 देशों ने भागीदारी की है, जिनमें चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, मिस्र, लेबनान, ईरान, यूएई, स्वीडन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन देशों की भागीदारी न केवल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधों को मजबूत बनाती है बल्कि भारत के युवाओं, उद्यमियों और उद्योगों के लिए सीखने और सहयोग के नए द्वार खोलती है।

विदेशी स्टॉलों पर तकनीक, फैशन, कृषि, इलैक्ट्रॉनिक्स, कला, होम डेकोर और जीवनशैली से जुड़े उत्पादों का ऐसा अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है, जो किसी भी आगंतुक को वैश्विक बाजारों की ताजा हलचल और रुझानों से जोड़ देता है। भारत के राज्यों की भागीदारी इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता है क्योंकि यहां देश की सांस्कृतिक और आर्थिक विविधता एक ही छत के नीचे साकार होती है। इस बार बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र पार्टनर स्टेट हैं जबकि झारखंड को 'फोकस स्टेट' का विशेष दर्जा दिया गया है। इन राज्यों के मंडपों में कला, लोककला, परंपरागत शिल्प, कृषि आधारित नवाचार, औद्योगिक प्रगति, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्टार्टअप इकोसिस्टम और सरकारी योजनाओं की झलक मिलती है।

यह वह मौका है, जब आगंतुक केवल देखते नहीं बल्कि समझते भी हैं कि भारत की सच्ची ताकत उसकी विविधता में है और यही विविधता उसे वैश्विक मंच पर सबसे अलग बनाती है। मेले के हॉलों में इस बार अत्याधुनिक तकनीक से लेकर परंपरागत कला तक सब कुछ देखने को मिलेगा।

इलैक्ट्रॉनिक्स, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप इनोवेशन, वस्त्र, मसाले, हस्तशिल्प, एमएसएमई उत्पाद, खादी और ग्रामीण विकास से जुड़े हजारों उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। हॉल 8, 9 और 10 में 'सरस मेला' देशभर की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का बड़ा अवसर देता है। यहां ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) की झलक भी देखने को मिलती है, जो स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, आयुष मंत्रालय, रेलवे, आरबीआई, एलआईसी, एनसीईआरटी, पीएमबीआई और कई अन्य प्रमुख सरकारी संस्थाएं भी इस मेले में अपने नवाचार और सेवाओं के माध्यम से देश की प्रगति को दर्शाती हैं। यह मेला वास्तव में भविष्य की दिशा दिखाता है, एक ऐसा भारत, जो परंपरा को भी संभाले हुए है और आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। इस मेले की एक और खासियत इसका सांस्कृतिक वैभव है। रोजाना विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सांस्कृतिक कार्यक्रम खुले मंचों पर प्रस्तुत किए जाते हैं। लोक संगीत, शास्त्रीय नृत्य, जनजातीय नृत्य, फोक फ्यूजन और पारंपरिक कला का अनूठा मेल न केवल वातावरण को जीवंत बनाता है बल्कि आगंतुकों को भारत की सांस्कृतिक आत्मा से जोड़ देता है। साथ ही, भारतीय व्यंजनों की खुशबू और स्वाद हर आगंतुक के लिए इस मेले के अनुभव को अविस्मरणीय बना देते हैं।

प्रगति मैदान जैसे विशाल परिसर में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष विशेष प्रबंध किए गए हैं। हर हॉल के पास फर्स्ट एड बूथ, मेडिकल सुविधाएं, दर्जनों एंबुलेंस और पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। 245 यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती, 16 बाइक पैट्रोल टीमें, 15 क्रेन और तीन आपदा प्रबंधन वाहन मेले की भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

यातायात नियंत्रण कक्ष और सोशल मीडिया पर लगातार जारी की जा रही ट्रैफिक एडवाइजरी सुनिश्चित करती है कि कोई भी आगंतुक परेशानी का सामना न करे। टिकट व्यवस्था की बात करें तो 19 से 27 नवंबर तक आम जनता के लिए सामान्य दिनों में 80 रुपये और सप्ताहांत पर 150 रुपये का टिकट रखा गया है।

# दोहमनी में आग की दहशत : छह घर राख परिवार बेघर, प्रशासन ने शुरू की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/बैसा /पूर्णिया।** शीशाबाड़ी पंचायत के दोहमनी गांव वार्ड-4 की मंगलवार की रात अचानक चीखों, भगदड़ और धधकती आग की गड़गड़ाहट में बदल गई। कुछ ही पलों में उठी लपटें ऐसी फैलती चली गई मानो पूरे गांव को आग के घेरे में कैद कर लें। दो परिवारों के छह घर जलकर राख हो गए और रात का सन्नाटा दहशत में तब्दील हो गया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार लगभग सात बजे संतोष कुमार राय और दरोगी लाल राय के घरों की छतों से धुआं उठना शुरू हुआ। आग की तपिश इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में आसपास बने अन्य घर भी इसकी जद में आ गए।



अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर और परिवारों की वर्षों की गृहस्थी—सबकुछ पलभर में जलकर खत्म हो गया। अनुमानित नुकसान लाखों में बताया जा रहा है।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण बाल्टी, डिब्बे और हैंडपंप के सहारे आग से लड़ने की कोशिश में जुटे रहे, परंतु लपटों का फैलाव इतना तीव्र था कि उनके प्रयास धुएं में बदलते चले गए। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल की गाड़ी पहुँची और लंबे संघर्ष के बाद आग को काबू में लिया गया। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही एआईएमआईएम युवा प्रदेश महासचिव हाजी नाहीद गनी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना दी और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उधर, अंचलाधिकारी गोपाल कुमार ने बताया कि नुकसान का विस्तृत आकलन शुरू कर दिया गया है और रिपोर्ट जल्द तैयार की जाएगी। दोहमनी की यह रात सिर्फ आग की नहीं, बल्कि कई परिवारों की बिखरी उम्मीदों और जली हुई जिंदगी की कहानी बन गई।

## जिला कार्यकर्ता बैठक में 25वें स्थापना दिवस की तैयारी पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष सौरभ झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 नवंबर 2025 को पटना के बापू सभागार में पार्टी के 25वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप देना था।

बैठक में सभी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, जिला से जुड़े प्रदेश पदाधिकारी और जिला कमेटी के सदस्य मौजूद थे। सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने पंचायत और ब्लॉक स्तर से कार्यकताओं को कार्यक्रम में लेकर जाएंगे और इसे पूरी तरह सफल बनाएंगे। जिलाध्यक्ष सौरभ झा ने कहा कि सैकड़ों कार्यकर्ता बस, ट्रेन और छोटी गाड़ियों से पटना जाएंगे और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक में सभी ने पार्टी के सफल विधायकों को बधाई दी और राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी ने बिहार में 19 विधानसभा सीटें जीतने के साथ दो विधायकों को मंत्री बनाने में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए बिहार प्रदेश प्रभारी अरुण भारती एवं सभी संबंधित नेताओं को भी बधाई दी गई। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारी थे, प्रदेश महासचिव योगेंद्र साह, वरिष्ठ नेता बैद्यनाथ सिंह, अधिवक्ता प्रवीण पासवान, जिला प्रधान महासचिव पवन पासवान, एससी-एसटी जिला अध्यक्ष महेश पासवान, जिला महासचिव सह प्रवक्ता विवेक कुमार लाठ (सोनू), युवा जिला अध्यक्ष प्रशांत झा, जिला महासचिव मुरली पासवान, महिला जिला अध्यक्ष कंचन देवी, महिला जिला सचिव मनीषा देवी, व्यवसाय जिला अध्यक्ष पृथक भट, बी कोठी प्रखंड अध्यक्ष उमेश पासवान, श्रीनगर प्रखंड अध्यक्ष वेदनंद पासवान, कसबा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद साहिब, भवानीपुर प्रखंड अध्यक्ष बबलू सिंह, के नगर प्रखंड अध्यक्ष रघुनाथ यादव, जलालगढ़ प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद यादव, अमौर प्रखंड अध्यक्ष मानिक यादव, डगरुआ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साह, साथ ही कौशल कुमार, गौरव पासवान, तनवीर आलम सहित और भी कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने मिलकर संकल्प किया कि पार्टी के 25वें स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ योगदान देगा।

## संविधान दिवस पर पूर्णिया के अधिवक्ताओं का संकल्प : न्याय, समानता और कर्तव्य के पथ पर राष्ट्र को साथ ले चलने की प्रतिज्ञा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** 76वें संविधान दिवस पर पूर्णिया मुख्तारखाना का वातावरण बुधवार को उस गंभीर गरिमा से भर गया, जो केवल संविधान की आत्मा को स्मरण करने के अवसर पर ही दृष्टिगोचर होती है। वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में अधिवक्ता समुदाय ने न केवल संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया, बल्कि यह भी दोहराया कि भारतीय न्याय व्यवस्था की रीढ़ के रूप में अधिवक्ताओं की भूमिका सिर्फ अदालतों तक सीमित नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तक विस्तारित होती है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री दीपक ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा है—ऐसी आत्मा, जो नागरिकों को न केवल अधिकारों से सशक्त करती है, बल्कि कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित भी करती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि संविधान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र की सर्वोच्च ताकत जनमानस की सजगता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता में ही निहित है। मौके पर उपस्थित

अधिवक्ता प्रेरणा गुप्ता ने संविधान को केवल नियम-कायदों का पाठ नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव का जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि समानता, न्याय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तभी सार्थक होते हैं जब नागरिक उन्हें व्यवहार में उतारें। उन्होंने स्पष्ट कहा—संविधान का असली सम्मान तब होता है जब उसके मूल्य हमारे आचरण में दिखाई दें। अधिवक्ता सुशील चंद्र मिश्र ने 76वें संविधान दिवस को राष्ट्र की उपलब्धियों और उसकी स्थिरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि संविधान ने ही भारत को वह मजबूत आधार दिया, जिस पर खड़े होकर आज देश आधुनिक प्रगति का मार्ग तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 का यह पड़ाव हमें यह याद दिलाता है कि राष्ट्र की उन्नति के लिए संवैधानिक आदर्शों का पालन ही सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहीं अधिवक्ता राजेश झा ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिवक्ता समुदाय, प्रशासन एवं न्यायपालिका की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा—आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सब मिलकर यह संकल्प दोहराएँ कि भारत का लोकतंत्र और अधिक पारदर्शी, सशक्त और नागरिक-केंद्रित बने। इसी में संविधान का वास्तविक सम्मान है।ह्व कार्यक्रम में अधिवक्ता राजकुमार झा, सुशील कुमार पप्पू, मनोज झा, रूपेश सिंह, संजीव कुमार सिंह, केके वर्मा, सुभाष पाठक, अरुण यादव, बबीता चौधरी, रजनी साह और सुष्मिता राय सहित अनेक अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती, नागरिक अधिकारों की रक्षा और न्याय की निरंतरता को अपने कर्तव्य का अभिन्न हिस्सा बताया। पूर्णिया के अधिवक्ताओं ने आज यह संदेश दिया कि संविधान का जीवन केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि न्याय, कर्तव्य और नागरिक मयार्दा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता में धड़कता है।

## अवैध हथियार के साथ फायरिंग करने वाला एक अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर थाना पुलिस को मध्य रात्री में गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति कपुर्री मार्केट में हथियार के साथ कोई अप्रिय घटना करने के फिराक में है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई के लिए नगर थाना से छापमारी टीम के साथ कपुर्री मार्केट पहुॅची तो देखा कि एक व्यक्ति कपुर्री मार्केट मे खड़ा है। जो पुलिस बल को देखकर भागने लगा।जिसे पुलिस बल के द्वारा रूकने के लिए बोला तो उक्त व्यक्ति के द्वारा तुरंत ही गोली फायर कर दिया गया। वह गोली छापामारी टीम के परीक्ष्यमान पुअनि कौशल कुमार एवं परीक्ष्यमान अपुनि मसुदन कुमार के कान के पास से निकल गयी। परंतु नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के तत्परता से सुझबूझ का परिचय देते हुए विकास कुमार (20) पिता सहदेव राय नया टोला फुलवाड़ी वार्ड नं0-35 थाना नगर जिला कटिहार को एक देशी कट्टा,फायर किया हुआ खोखा एवं तीन जिन्दा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया।

## विद्यालय के दोपहर भोजन में कीड़ा मामला : जांच में आरोप सही पाए गए, कार्रवाई की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धमदाहा/पूर्णिया।** मध्य विद्यालय धमदाहा में मध्यान भोजन की गुणवत्ता को लेकर उठी गंभीर शिकायतों ने पूरे प्रखंड प्रशासन को झकझोर दिया है। बुधवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (BEO) कुमारी कुंदन द्वारा की गई जांच में छात्राओं के आरोप सही पाए गए, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया तेज हो गई है। छात्रा विद्या भारती, रचना कुमारी, मौसम कुमारी, कृष्ण किरण, खुशी कुमारी, रश्मि कुमारी, सोनी कुमारी और सोनाली कुमारी सहित करीब डेढ़ दर्जन छात्राओं ने लिखित शिकायत दी थी कि मंगलवार को परोसे गए चावल और सोयाबीन की सब्जी में कीड़ा मिला था।

हैरानी की बात यह रही कि प्रधानाध्यापक को शिकायत करने के बावजूद किसी भी शिक्षक ने न तो भोजन वितरण रोका, न ही मामले को गंभीरता से लिया। इससे निराश होकर छात्राएं सीधे बीईओ कार्यालय पहुंचीं। जांच के दौरान बीईओ कुमारी कुंदन ने



छात्रों से विद्यालय परिसर में ही शिक्षकों की मौजूदगी में पूछताछ की। छात्राएं अपने आरोप पर पूरी तरह अडिग रहीं। इतना ही नहीं, जांच के दौरान कई अन्य छात्रों ने भी भोजन में कीड़ा मिलने की पुष्टि की। रसोईयों से पूछताछ में भी बड़ा खुलासा हुआ। उन्होंने स्वीकार किया कि बच्चों द्वारा हंगामा करने पर सोयाबीन बड़ी को खोलकर देखने पर उसमें कीड़ा मिला था। इससे यह साफ हो गया कि भोजन की गुणवत्ता में लापरवाही हुई है। बीईओ कुमारी कुंदन ने बताया कि 'छात्राओं के आरोप निरीक्षण के दौरान सही पाए गए हैं। पूरी रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जा रही है ताकि संबंधित कर्मियों पर निर्धारित कार्रवाई की जा सके। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय शंकर चौधरी का पक्ष बिल्कुल उलट रहा। उनका कहना है कि विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता के प्रति हमेशा सजगता बरती जाती है और सोयाबीन सहित अन्य सामग्रियों की आपूर्ति वेंडर के माध्यम से होती है। मामले ने मध्यान भोजन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब प्रशासनिक स्तर पर होने वाली कार्रवाई पर लोगों की नजर टिकी है।

## अपराधियों पर पुलिस की पकड़, सड़कों पर उतरा सख्त जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत के आदेश के बाद जिले में कानून-व्यवस्था की चाक-चौबंद तस्वीर एक बार फिर साफ दिखाई दी। अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अचानक सख़्त वाहन जांच अभियान छेड़ दिया। मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी रास्तों तक पुलिस टीमों ने वाहनों की गहन जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से कड़ी पूछताछ की। अभियान की तीव्रता इतनी थी कि असामाजिक तत्वों में खलबली मच गई और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ। पुलिस का यह अभियान स्पष्ट संदेश देता है—अपराध करने वालों के लिए अब जमीन सख़्त है और व्यवस्था के खिलाफ कोई भी कदम बख्शा नहीं जाएगा। जिला पुलिस इस समय अपने आक्रामक तेवर में है और कानून का शासन स्थापित करने की दिशा में लगातार निर्णायक कदम उठा रही है।

## बस की चपेट में आने से मजदूर की मौत, दो बच्चों के लिए हुई बड़ी क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** केनगर थाना क्षेत्र के धमदाहा पूर्णिया स्टेट हाईवे-65 स्थित नूरी चौक पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पैदल सड़क पार कर रहे 32 वर्षीय मो० लालो, जो गणेशपुर पंचायत के चक परोरा गाँव के निवासी थे, की बस की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी। केनगर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया। वहीं, दुर्घटना का कारण बनी बीआर 11 पीसी-9972 रजिस्टर्ड पैसेंजर बस को पुलिस ने जप्त कर थाने ले आई। परिजनों ने बताया कि मो० लालो मरंगा बियडा स्थित मो० फारुख के रंग-पेंट गैराज में मजदूर के रूप में काम करते थे। रात में काम खत्म करने के बाद वह टोटो से घर लौट रहे थे। नूरी चौक पर टोटो से उतरकर पैदल सड़क पार कर रहे मो० लालो को विपरीत दिशा से आ रही बस ने ठोकर मार दी। मृतक के पीछे दो छोटे छोटे बच्चे हैं, जिनके लिए यह क्षति अपूरणीय है। अपर थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही जप्त बस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पूरे गांव में मृतक के अचानक निधन से मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और शोक की लहर छा गई है।

## अमौर में सड़क योजनाएं फैलीं धुंध में, शिलान्यास के बाद भी जमीनी काम गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

### विष्णुपुर पंचायत के लोग बोले–सरकारी उदासीनता अब असहनीय

**अमौर/पूर्णिया।** विष्णुपूर पंचायत में विकास की रफ्तार उन योजनाओं के बीच अटक गई है, जिनका शिलान्यास तो बड़े जोर-शोर से हुआ, पर निर्माण की शुरूआत आज तक नहीं हो पाई। दो महत्वपूर्ण सड़क योजनाओं का अलिखित ठहराव ग्रामीणों की नाराजगी को चरम पर पहुँचा रहा है और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी पर बड़ा सवालचिह्न खड़ा कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार 03 मार्च 2022 को विधायक अख्तरूल इमान ने फुटानी चौक से यादव टोला, छतरभोग गांव तक सड़क निर्माण परियोजना की नींव रखी थी। योजना संवेदक वसीन कंस्ट्रक्शन और कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बायसी नियुक्त की गई थी। मगर चार साल गुजरने के बाद भी काम की शुरूआत तक न होना विभागीय उदासीनता की साफ तस्वीर पेश करता है।

ग्रामीणों का कहना है—"शिलान्यास हुआ, फोटो खिंचे, पर सड़क आज भी वहीं की वहीं है।" दूसरी योजना—मैत्रा चौक से मुसलमान टोला तक सड़क




मरम्मत—का हाल भी बिल्कुल वैसा ही है। इस योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 21 नवंबर 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया था।

कार्यक्रम में मंत्री अशोक चौधरी, सांसद डॉ. मो. जावेद, विधायक अख्तरूल इमान और विधान परिषद सदस्य डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल शामिल थे। बाद में विधायक ने स्थल पर भी शिलान्यास पट लगाकर औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराई। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी यह योजना सिर्फ पट्टिकाओं में ही जीवित है, धरातल पर नहीं। ग्रामीणों का तीखा आरोप है कि योजनाओं के संवेदक फाइलें उठाकर गुम हो चुके हैं, और विभागीय अभियंताओं की चुप्पी इस सुस्ती को बढ़ावा दे रही है। उनकी मानें तो विभाग मानो सोया हुआ है और जनता टूटी सड़कों पर चलकर हर दिन इसकी कीमत चुका रही है। अब ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से साफ शब्दों में कहा है—'अब धैर्य नहीं, कार्रवाई चाहिए।' उन्होंने मांग की है कि दोनों योजनाओं को शीघ्र गति दी जाए, ताकि विकास कागज से उतरकर अमौर की मिट्टी पर दिखाई दे सके।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/548/ईएमयू/आरटी–3 (खुली निविदा) दो पैकेट प्रणाली के सेवा अनुबंध में ई–निविदा प्रणाली हेतु, दिनांक: 22.11.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** 02 (दो) वर्षों के लिए परिणाम के आधार पर पूरे दिन (24 घंटे) कारशेड बैण्डेल में ईएमयू रेकों की अंदरूनी शुष्क सफाई एवं बाहरी गीली सफाई। **निविदा मूल्य:** रु. 2,03,18,591.49, **बयाना राशि (ई.एम.डी.)** : रु. 2,51,600/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 730 दिन। **अंतिम तिथि:** 15.12.2025 को 12.00 बजे। **अनुबंध की किस्म:** सेवा। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-415/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# संविधान दिवस पर महानंदा सभागार में संकल्प का पुनर्पाठ, प्रस्तावना का सामूहिक उच्चारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** संविधान दिवस पर समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार 26 नवंबर रोज बुधवार को मानो अपने उद्देश्य और अस्तित्व को पुनःस्मरण कर रहा था। मंच पर उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिला पदाधिकारी अंजनि कुमार की अध्यक्षता और सभागार में उपस्थित वरीय अधिकारियों की गंभीर उपस्थिति ने वातावरण को अनुशासन, गरिमा और कर्तव्यबोध से भर दिया। अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अपर समाहर्ता सिलिंग, अपर समाहर्ता पूर्णिया, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, निदेशक डीआरडीए सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर लोकतांत्रिक संकल्प को पुनः धार दी। प्रभारी जिला पदाधिकारी अंजनि कुमार का संबोधन मानो संवैधानिक दर्शन का सूक्ष्म सार था।



उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान केवल विधि का दस्तावेज नहीं, अपितु भारतीय गणराज्य का प्राणसूत्र है—वह आधार जिस पर इस राष्ट्र की विविधता, लोकतंत्र और न्याय की समूची संरचना टिकी है। भारत का संविधान विश्व का सर्वाधिक विस्तृत और जीवंत संविधान है, जो समय के प्रवाह के साथ स्वयं को अद्यतन रखने की क्षमता रखता है। उन्होंने संविधान के महामनीषी डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने एक ऐसा संविधान रचा, जिसने इस देश की असंख्य जातीय, भाषाई, धार्मिक और सामाजिक विविधताओं को एक अखंड सूत्र में बांध दिया। यह केवल विधिक प्रावधानों का संकलन नहीं—यह राष्ट्र की आत्मा, भारतीयता का घोष और लोकतंत्र का वैदिक वाक्य है, जो नागरिकों को अधिकार भी देता है और कर्तव्य का स्मरण भी कराता है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों का पालन केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक धर्म है। संविधान समानता, अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता और न्याय की उस यात्रा का मार्गदर्शक है, जो किसी भी राष्ट्र को प्रगतिशील और समतामूलक दिशा में ले जाती है। जाति, लिंग, भाषा, पंथ या क्षेत्र के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव संविधान की दृष्टि में वर्ज्य है, और यही इसे विश्व की सर्वाधिक मानवीय लोकतांत्रिक संरचना बनाता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट था—संवैधानिक चेतना को प्रखर करना, नागरिक दायित्व को पुनः उजागर करना और राष्ट्र के प्रति समर्पण की उस भावना को सुदृढ़ करना जो किसी भी सभ्य समाज की नींव होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की भावना को आत्मसात रखने और उसके संरक्षण एवं अनुपालन के प्रति अपने संकल्प को पुनः व्यक्त किया। इस प्रकार संविधान दिवस का यह आयोजन एक औपचारिक परंपरा से कहीं अधिक साबित हुआ—यह आत्मचिंतन, नागरिक धर्म और संवैधानिक आदर्शों के प्रति निष्ठा का पुनर्पुष्टि-पर्व बनकर उभरा।

## संविधान दिवस पर प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने जताई देशभक्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** केनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार दोपहर प्रखंड एवं अंचल स्तर के कर्मियों ने मिलकर संविधान दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और भारत की संविधान प्रस्तावना पढ़कर उसका अनुपालन करने की शपथ ली। इस मौके पर उपस्थित बीडीओ आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने ही भारत को एक संगठित और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा कि संविधान के नियमों और कानूनों के दायरे में रहकर ही देश की जनता का जीवन सुरक्षित और व्यवस्थित है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत का संविधान संप्रभुता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्य का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। वहीं सीओ दिवाकर कुमार ने कहा कि प्रत्येक राष्ट्र के लिए संविधान की उपस्थिति अनिवार्य है। बिना संविधान के कोई देश न तो संगठित रह सकता है और न ही वहां के नागरिक आपसी भाईचारे और लोकतंत्र की भावना का पालन कर सकते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/579, दिनांक 25.11.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/35/25–26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** बनगांव जंक्शन–रानाघाट जंक्शन, रानाघाट जंक्शन–कृष्णनगर सिटी जंक्शन–लालगोला, रानाघाट जंक्शन–गेदे की शाखा में एल/बॉक्स, सिग्नल पोस्ट, एलसी गेट आदि के पुनर्वास के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.94,71,323.52, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति राशि जमा की जाएगी :** रु. 1,89,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 08.12.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 22.12.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 22.12.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समप्रकृति के कार्य:** "डेटालॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए–एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-273/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# 1 रुपये पर आया एवांस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर

## लोअर सर्किट में फंसा, कभी 1 लाख के बनाए थे 3 लाख रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुबह-सुबह शेयर मार्केट में तेजी आई। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही सेंसेक्स 300 अंक ऊपर पहुंच गया। वहीं इस तेजी के बावजूद कुछ शेयर में गिरावट आई और कई में लोअर सर्किट लग गया। इन्हीं में एक ऐसा पेनी स्टॉक है जो बुधवार को गिरकर 1 रुपये पर आ गया। मार्केट खुलने के कुछ ही देर बाद इसमें भी लोअर सर्किट लग गया। इसका नाम एवांस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड है।



एवांस के शेयर में बुधवार को सुबह ही करीब 5 फीसदी का लोअर सर्किट लग गया। इसी के साथ यह शेयर 1 रुपये पर आ गया। मंगलवार को यह शेयर 1.05 रुपये पर बंद हुआ था। इस शेयर का 52 हफ्ते का ऑल टाइम हाई 3.15 रुपये है। जबकि 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 52 पैसे है। इस शेयर का रिटर्न पिछले कुछ समय में मिला-जुला रहा है।

### कितना दिया रिटर्न?

पिछले कई दिनों से इसमें लोअर सर्किट लग रहा है। पिछले 5 कारोबारी दिनों की बात करें तो इसमें करीब 25 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। वहीं एक महीने में यह शेयर निवेशकों का काफी नुकसान कर चुका है। इसमें पैसा लगाने वालों की रकम एक महीने में आधी से ज्यादा कम हो गई है। एक महीने पहले इसकी कीमत 2.49 रुपये थी। आज बुधवार को यह शेयर एक रुपये का रह गया। ऐसे में इसमें एक महीने में करीब 60 फीसदी की गिरावट आई है।

### एक लाख के बनाए तीन लाख रुपये


इस साल यानी 2025 में करीब तीन महीने ऐसे भी आए जब इसने निवेशकों की जेब भर दी। इस साल जून के आखिरी में इसकी कीमत 73 पैसे थी। वहीं अक्टूबर के शुरुआत में यह 3.15 रुपये पर पहुंच गई थी। ऐसे में इसने करीब साढ़े तीन महीने में निवेशकों को 300 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। यानी इतने समय में इस शेयर ने निवेशकों के एक लाख रुपये को तीन लाख रुपये से ज्यादा में बदल दिया। मतलब, एक लाख रुपये के निवेश पर सीधे दो लाख रुपये का फायदा।

### क्या करती है कंपनी?

इस कंपनी की शुरुआत 1985 में वीएमसी सॉफ्टवेयर लिमिटेड के नाम से हुई थी। साल 2003 में इसका नाम बदलकर एवांस टेक्नोलॉजीज कर दिया गया। यह आईटी कंपनी है। यह कंपनी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लाउड सर्विस, डेटा सेंटर मैनेजमेंट और आइओटी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट जैसी कई सर्विस देती है। साथ ही यह हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और पेरिफेरल्स जैसे आईटी प्रोडक्ट्स भी बेचती है। बीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक कंपनी का मार्केट कैप 198.19 करोड़ रुपये है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का वैश्विक हब बना उत्तर प्रदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में दुनियाभर की कंपनियां मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन पर जोर दे रही हैं। असल में कम मजदूरी लागत और कच्चे सामान की उपलब्धता के कारण ज्यादातर कंपनियां



भारत में निवेश कर रही हैं। वहीं उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग व आईटी निवेश में प्रमुख निर्यातक राज्य के तौर पर उभर रहा है। राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का निर्यात 82,000 करोड़ को पार कर गया है। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान में मोबाइल फोन बनाने में उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है, जहां से पूरे देश का 55 फीसदी उत्पादन हो रहा है। 2017 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 3,862 करोड़ रुपये था। 2024-25 में बढ़कर 44,744 करोड़ हो गया। आईटी निर्यात 55,711 करोड़ से 82,055 करोड़ हो गया है। प्रदेश कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख निर्यातक राज्य के रूप में उभर चुका है। सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2024 लागू होने के बाद इस क्षेत्र में बड़े निवेश की संभावनाएं खुल रही हैं।

**निवेश केंद्र के तौर पर उभर रहा यूपी-** यूपी कम लॉजिस्टिक्स लागत, बेहतर कानून-व्यवस्था व सिंगल विंडो सिस्टम से लैस युवा कार्यबल ने दुनिया के निवेशकों को आकर्षित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा, निवेश संरक्षण व इंडस्ट्रियल टाउनशिप आधारित अप्रोच ने औद्योगिक विकास को गति दी है। यूपी का उभरना मतलब देश का टेक्नोलॉजी व विनिर्माण भविष्य महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा।

# महत्वपूर्ण खनिजों की रिसाइक्लिंग पर सरकार बोली-1500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना के लिए आगे आई कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महत्वपूर्ण खनिजों की रिसाइक्लिंग के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के लिए अब तक बड़ी संख्या में कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार की इस योजना का मकसद देश में द्वितीयक स्रोतों से महत्वपूर्ण खनिजों के



पृथक्करण और उत्पादन के लिए पुनर्चक्रण क्षमता विकसित करना है। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित पोर्टल पर अब तक बड़ी संख्या में संस्थाओं ने पंजीकरण कराया है।÷

खान सचिव पीयूष गोयल ने मंगलवार को इस योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में मंत्रालय के अधिकारियों के साथ-साथ जवाहरलाल नेहरू एल्युमीनियम अनुसंधान, विकास एवं डिजाइन केंद्र (जेएनएआरडीडीसी), नागपुर (योजना के लिए परियोजना प्रबंधन एजेंसी के रूप में नियुक्त एक स्वायत्त संस्थान) के अधिकारी भी शामिल हुए। सचिव ने आवेदन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। यह योजना 2 अक्तूबर 2025 से 1 अप्रैल, 2026 तक छह महीने के लिए आवेदन हेतु खुली रखी गई है। समीक्षा के दौरान, जेएनएआरडीडीसी को हितधारकों को समर्थन देने और योजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वयन चरण के दौरान परामर्श और सहभागिता सत्र आयोजित करने के लिए कहा गया।

# 533 रुपये सस्ता मिल रहा अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का 24,930 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। यह इश्यू देश के सबसे बड़े ऐसे प्रस्तावों में से एक है और 10 दिसंबर, 2025 को बंद होगा। इस इश्यू के तहत कंपनी 1,800 रुपये प्रति शेयर की दर से कुल 13.85 करोड़ इक्विटी शेयर पेश करेगी। मंगलवार को कंपनी का शेयर 2.71त्न गिरावट के साथ 2333.70 रुपये पर बंद हुआ। यह इश्यू सभी योग्य शेयरधारकों के लिए खुला है।



कंपनी के प्रमोटर्स के पास लगभग 74त्न हिस्सेदारी है। अगर पूरा सब्सक्रिप्शन हो जाता है और कॉल मनी का भुगतान हो जाता है, तो राइट्स इश्यू के बाद कंपनी के कुल इक्विटी शेयर लगभग 129.27 करोड़ हो जाएंगे, जबकि इश्यू से पहले यह संख्या 115.41 करोड़ थी। कंपनी ने 11 नवंबर को राइट्स इश्यू की घोषणा की थी और उसी दिन रिकॉर्ड डेट तय की थी। यह राइट्स इश्यू योग्य इक्विटी शेयरधारकों को राइट्स बेसिस पर पेश किया जा रहा है। इसके तहत, रिकॉर्ड डेट पर हर 25 फुली पेड-अप इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारक को 3 राइट्स इक्विटी शेयर मिलेंगे।

**पैसों का क्या करेगी कंपनी-** राइट्स इश्यू से मिलने वाले पैसों का यूज अगली पीढ़ी के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में किया जाएगा। इनमें एयरपोर्ट, डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सड़कें, पीवीसी और कॉपर स्मेल्टिंग क्षमताएं शामिल हैं। इसके अलावा, इसका उपयोग मेटल्स, माइनिंग, डिजिटल और मीडिया वेंचर्स में भी किया जाएगा, जिन्हें कंपनी इनक्यूबेट कर रही है। कुछ कर्ज चुकाने के लिए भी इस पैसे का इस्तेमाल होगा। सितंबर तक कंपनी का कुल कर्ज 92,065 करोड़ रुपये था। अडानी ग्रुप अगले पांच साल में हर साल 15-20 अरब डॉलर के कैपेक्स की उम्मीद कर रहा है।

# बिटकॉइन के छक्के छुड़ा रही पाई नेटवर्क

## सबसे महंगी क्रिप्टो रह गई काफी पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय क्रिप्टोकरेंसी बड़े उतार-चढ़ाव से गुजर रही है। कभी इसमें बड़ी तेजी आ जाती है तो कभी बड़ी गिरावट। इसके चलते निवेशकों के बीच भी चिंता होने लगी है। उन्हें कभी फायदा हो रहा है तो कभी नुकसान। इस गिरावट से दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टो बिटकॉइन भी अछूती नहीं रही है। यह भी बड़े गिरावट के दौर से गुजर रही है। यह अभी भी 90 हजार डॉलर के नीचे कारोबार कर रही है। वहीं पाई नेटवर्क का मिजाज अलग ही नजर आ रहा है।



बुधवार को क्रिप्टो मार्केट में फिर से गिरावट आई। पिछले 24 घंटे में क्रिप्टो मार्केट कैप करीब 0.85 फीसदी गिर गया। इसी के साथ बुधवार सुबह 10¬30 बजे यह 3 ट्रिलियन पर आ गया था। पिछले 24 घंटे में कुछ क्रिप्टो को छोड़कर सभी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी गिरावट के साथ कारोबार कर रही थीं। इनमें बिटकॉइन, इथेरियम, बाइनेंस, सोलाना आदि शामिल हैं।

### क्यों आ रही पाई नेटवर्क में तेजी?

पाई नेटवर्क में इन दिनों जबरदस्त तेजी आई हुई है। पिछले एक महीने में यह 0.270 डॉलर (करीब 24 रुपये) तक पहुंच गई है। बात अगर रिटर्न की करें तो एक महीने में इसने 2 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। वहीं बिटकॉइन में गिरावट की बात करें तो एक महीने में यह करीब 25 फीसदी लुढ़क चुकी है। पाई नेटवर्क में तेजी आने के कई कारण हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाई नेटवर्क ने यूरोपीय संघ के क्रिप्टो-एसेट रेगुलेशन (स्ब्क्ष्ट) में बाजारों का पूर्ण अनुपालन हासिल कर लिया है। माना जा रहा है कि इसकी कीमत इस महीने 0.30 डॉलर तक जा सकती है।

### बिटकॉइन और पाई नेटवर्क में कौन आगे?

पिछले 24 घंटे में पाई नेटवर्क ने रिटर्न के मामले में बिटकॉइन को काफी पीछे छोड़ दिया है। कॉइनमार्केटकैप के अनुसार सुबह 10¬30 बजे बिटकॉइन 24 घंटे में एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 87,250 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। पिछले 7 दिनों में इसमें 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है।

वहीं पाई नेटवर्क में निवेश करने वालों की मौज आई हुई है। पिछले 24 घंटे में पाई नेटवर्क में 2.50त्न की तेजी आई है। इस तेजी के साथ यह क्रिप्टो 0.2440 डॉलर (करीब 21.77 रुपये) पर कारोबार कर रही है। पिछले 7 दिनों में इसमें करीब 8 फीसदी की तेजी आई है। इसमें ऐसे में रिटर्न के मामले में पाई नेटवर्क ने बिटकॉइन को पीछे छोड़ दिया है।

# कच्चे तेल में भारी गिरावट की तैयारी! 2027 तक 30 डॉलर प्रति बैरल होने का अनुमान; रिपोर्ट में दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आ सकती है। जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि मार्च, 2027 तक ब्रेंट क्रूड 30 डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकता है। इस संभावित गिरावट का कारण बढ़ती हुई अतिरिक्त आपूर्ति है, जो स्थिर मांग वृद्धि को दबा सकती है। अभी यह 60 डॉलर प्रति बैरल है। तीन वर्षों में तेल की खपत में वृद्धि के बावजूद आपूर्ति में वृद्धि विशेष रूप से गैर-ओपेक प्लस उत्पादकों से वैश्विक बाजार को प्रभावित करेगी। इससे कीमतों पर भारी असर पड़ेगा।

वैश्विक तेल मांग 2025 में बढ़कर 10.5 करोड़ बैरल रोजाना तक पहुंचने की उम्मीद है। 2026 में भी इसी गति से वृद्धि जारी रहेगी। 2027 में इसमें और तेजी आएगी। इस स्थिर वृद्धि के बावजूद जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि 2025 और 2026 में आपूर्ति मांग की दर से तीन गुना बढ़ेगी। 2027 में आपूर्ति वृद्धि धीमी होने के बावजूद यह बाजार की जरूरी क्षमता से काफी ऊपर रहेगी। कच्चा तेल साल के अंत तक 50 डॉलर के निचले स्तर तक गिर सकता है। 2027 में औसतन 42 डॉलर के आसपास रह सकता है। हालांकि, पूरी गिरावट शायद न हो, लेकिन स्वैच्छिक व अनैच्छिक उत्पादन कटौती के जरिये पुनर्संतुलन होगा।

### गैर ओपेक प्लस देश के बाहर से आएगा 50 फीसदी उत्पादन...

जेपी मॉर्गन ने कहा 2027 तक अपेक्षित अतिरिक्त आपूर्ति का आधा हिस्सा गैर ओपेक प्लस देश के बाहर से आएगा। ऑफशोर परियोजनाएं, जिन्हें कभी महंगी और चक्रीय माना जाता था, एक विश्वसनीय विकास स्रोत के रूप में विकसित हुई हैं। इनकी मांग भी ज्यादा हो रही है।

### कंपनियों को होगा लाभ लेकिन ग्राहकों को नहीं

तेल आयात पर निर्भर रहने वाले भारत जैसे देशों को कम कच्चे तेल की कीमतों से आर्थिक लाभ मिल सकता है। हालांकि, ग्राहकों को इसका फायदा नहीं मिलेगा। दो वर्षों से कच्चे तेल की कीमतों में कई बार भारी गिरावट आई है, फिर भी देश में डीजल-पेट्रोल की कीमतें ऊंचे भाव पर हैं।

### तेल के भंडार में जबरदस्त वृद्धि

उत्पादन में उछाल के कारण भारी मात्रा में भंडार जमा हो गया है। इस वर्ष वैश्विक तेल भंडार में 15 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि हुई है। इसमें लगभग 10 लाख तेल-ऑन-वाटर और चीनी भंडारों में संग्रहीत है। इससे संभावित रूप से अधिशेष 2026 में 28 लाख बैरल और 2027 में 27 लाख बैरल रोजाना तक बढ़ सकता है।

# ई-कॉमर्स में जारी है हिडन चार्जेस का खेल

## एक्स्ट्रा चार्ज ले रही हैं कंपनियां, सर्वे में सामने आई बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, मेकमाईट्रिप, क्लियरट्रिप, बिगबास्केट (बिगबास्केट), एक्सेलिया, नेटमेड्स, टाटा, जोमैटो, ब्लिंकिट और इक्सिगो जैसी बड़ी कंपनियों ने दावा किया था कि उन्होंने डार्क पैटर्न हटा दिए हैं। लेकिन लोकलसर्किल्स के एक सर्वे के मुताबिक, जांच में पाया गया कि ये अब भी ड्रिप प्राइसिंग (शुरुआत में कम दाम दिखाकर बाद में एक्स्ट्रा चार्ज जोड़ना) का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिन 26 प्लैटफॉर्म्स ने सरकार को लिख कर दिया था कि वे डार्क पैटर्न फ्री हैं, उनमें से 21 पर अब भी ग्राहकों को फंसाने का तरीका मौजूद है।

### कहां ज्यादा (7 या ज्यादा) गड़बड़?

डिजिटल लेंडिंग, एडटेक, ऑनलाइन बैंकिंग, ई-कॉमर्स, ओटीटी, ऐप टैक्सी, फूड डिलीवरी, क्विक कॉमर्स, सॉफ्टवेयर एप्स, दवाई और हेल्थ सर्विस, ट्रैवल फ्लाइट और ट्रेन टिकट मूवी/इवेंट टिकट, ऑनलाइन पेमेंट, ऑनलाइन गेमिंग, रियल एस्टेट, इंश्योरेंस, विदेशी मुद्रा, ब्रॉडबैंड और नौकरी खोजने वाली साइट्स ।

### कहां है कम (4-6 तरह) गड़बड़?

ट्रेन टिकट बुकिंग, मोबाइल टेलीकॉम, वॉयस असिस्टेंट, डाइनिंग सर्विस, सरकारी सेवाएं, होम हेल्थ सर्विस, इलेक्ट्रिक स्कूटर, ऑनलाइन ट्रेडिंग, पुरानी कारों की बिक्री, पैथोलॉजी लैब, क्रिप्टोकरेंसी, डेटिंग मैट्रिमोनियल एप्स और ऑनलाइन जूलरी।

# प्रोफेसरी छोड़ केंचुओं में लगा दी पूरी गणित...सिर्फ 500 से शुरू किया काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के भिवानी स्थिति एक कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर रहे प्रमोद सहारन की लॉकडाउन ने जिंदगी बदल दी। सिविल इंजीनियरिंग में एम.टेक प्रमोद ने इस दौरान अपने बचपन के शौक बागवानी को फिर से जिया। पौधों की अच्छी ग्रोथ के लिए वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) का इस्तेमाल करते हुए उन्हें इसकी बनावट और बनाने की प्रक्रिया में दिलचस्पी हुई। यह दिलचस्पी जल्द ही एक सफल व्यवसाय में बदल गई। इससे प्रमोद आज सालाना करीब 30 लाख रुपये कमा रहे हैं। सिर्फ 500 रुपये में 1 किलो केंचुए खरीदकर उन्होंने इसकी शुरुआत छोटे-से प्रयोग के तौर पर की थी। फिर अपनी प्रोफेसर की नौकरी छोड़कर वह वर्मीकम्पोस्ट बनाने के काम में ही जुट गए। आज वह इस क्षेत्र में एक मिसाल बन गए हैं। आइए, यहां प्रमोद सहारन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



### सिर्फ 500 से शुरुआत

सिविल इंजीनियरिंग में एम. टेक और हरियाणा में भिवानी के एक कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर रहे प्रमोद सहारन के लिए कोरोना लॉकडाउन ने उन्हें बचपन के शौक बागवानी को आगे बढ़ाने का मौका दिया। पौधों के लिए स्थानीय दुकान से वर्मीकम्पोस्ट खरीदने के दौरान उनकी रुचि इसे बनाने में बढ़ी। अपने प्रयोग की शुरुआत करते हुए उन्होंने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से 500 रुपये में आइसेनिया फीटिडा किस्म के 1 किलो केंचुए खरीदे, जो भारतीय मौसम में खाद बनाने के लिए उपयुक्त माने जाते हैं। उन्होंने केंचुओं को गाय के गोबर के साथ घर के बगीचे के एक कोने में रखा ताकि उनका विकास चक्र देखा जा सके। प्रमोद ने पाया कि ये केंचुए हर डेढ़ महीने में दोगुने हो जाते हैं।

### नौकरी छोड़ काम पर पूरा फोकस

प्रयोग की सफलता और व्यवसाय की क्षमता को देखकर प्रमोद ने अपनी नौकरी छोड़ दी। मार्च 2021 में उन्होंने 300 रुपये प्रति किलो की दर से 60 किलो केंचुए खरीदे। फिर उन्हें हिसार के कैमरी गांव में अपने खेत में ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने 4 फीट चौड़े और 30 फीट लंबे पांच वर्मीकम्पोस्ट बेड बनाए। हर एक बेड पर लगभग 12 किलो केंचुए और 1700 से 1800 किलो गाय का गोबर डाला गया। हर एक बेड की लागत 1600 रुपये आई (केंचुओं और गोबर पर कुल 22,000 रुपये का खर्च)। जून तक, इन पांचों बेड से 40 क्विंटल (4,000 किलो) वर्मीकम्पोस्ट तैयार हो गया। प्रमोद ने इसे औसतन 12 रुपये प्रति किलो की दर से बागवान और सब्जी उत्पादकों को बेचा। कुल रेवेन्यू 48,000 रुपये रहा। इससे 26,000 रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। इस पहले मुनाफे ने प्रमोद को विश्वास दिलाया कि वर्मीकम्पोस्ट एक आकर्षक व्यावसायिक अवसर है।

### कई गुना बढ़ा दिया प्रोडक्शन

शुरुआती सफलता के बाद प्रमोद ने अपने पैतृक खेत के लगभग एक एकड़ खाली पड़े हिस्से का इस्तेमाल करने का फैसला किया। उन्होंने 2021 से 2024 के बीच अपने उत्पादन को पांच बेड से बढ़ाकर 50 और फिर 85 बेड तक पहुंचाया। वर्तमान में, उनके एक एकड़ के परिसर में 120 वर्मीकम्पोस्ट बेड, प्रोसेसिंग मशीनें और एक पैकेजिंग और भंडार क्षेत्र है। एक बेड को तैयार होने में तीन महीने लगते हैं। इसके बाद उसे ताजा करना पड़ता है, यानी एक बेड से साल में तीन उत्पादन चक्र लिए जा सकते हैं। इस कैलकुलेशन के अनुसार, 120 बेड से सालाना तीन चक्रों में कुल 2700 क्विंटल (2.70 लाख किलो) वर्मीकम्पोस्ट का उत्पादन होता है।

### अब सालाना 30 लाख की कमाई

प्रमोद तैयार वर्मीकम्पोस्ट को छोटे पैकेटों (5 किलो बैग 70 रुपये और 1 किलो 15 रुपये) में बेचते हैं। उनके कुल बिक्री का केवल 15त्न नर्सरी को जाता है। बाकी किसान और बागवान सीधे उनकी यूनिट से खरीदारी करते हैं। वर्मीकम्पोस्ट का औसत रेट 800 रुपये प्रति क्विंटल बैठता है। इससे उन्हें सालाना लगभग 22 लाख रुपये की आय होती है। इसके अलावा, वह उन किसानों को भी केंचुए बेचते हैं जो नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। केंचुओं का रेट मांग और मौसम के आधार पर 100 रुपये से 200 रुपये प्रति किलो के बीच रहता है।


# कल्याणी प्रियदर्शन ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग



तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी।

कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है, जिनकी धुनें हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं।

# सोशल मीडिया से ब्रेक लेने जा रहे रोनित रॉय



**टीवी और फिल्मों में शानदार काम कर अच्छी खासी फैन-फॉलोइंग बनाने वाले एक्टर रोनित रॉय ने अचानक अपने फैंस को चौंकाते हुए सोशल मीडिया से दूरी बनाने का ऐलान कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर उन्होंने फैंस को टोटल सोशल मीडिया सेपरेशन की जानकारी दी।**

एक लंबा-चौड़ा पोस्ट करते हुए रोनित ने बताया कि वह कुछ समय के लिए पूरी तरह डिजिटल वर्ल्ड से अलग होना चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह जल्द वापसी करेंगे। रोनित ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने और नई शुरुआत करने की तैयारी में हैं। उन्होंने लिखा, हेलो दोस्तों, मैं जो कहने जा रहा हूं, वो ढेरों प्यार और नरमी के साथ है। आप सब जानते हैं कि मैं आपसे कितना प्यार करता हूं। मैं आपके पोस्ट्स देखता हूं, लाइक और कमेंट करता हूं और जितना हो सके रिप्लाई भी करता हूं। लेकिन अब मैं जिंदगी के उस मोड़ पर हूं, जहां मुझे अपने और अपने परिवार के लिए एक नए रास्ते की तलाश है। एक ऐसा रास्ता जो मुझे बेहतर इंसान, बेहतर रिश्ते और बेहतर एक्टर बनाए। उन्होंने आगे कहा, यह रास्ता बिल्कुल नया है। पुरानी आदतों और आराम को छोड़कर आगे बढ़ना कंफर्ट के बाहर जरूर है, लेकिन जरूरी भी है। टोटल डिजिटल सेपरेशन मेरे लिए मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होने का रास्ता है। मैं एक नए रोनित को खोजना चाहता हूं, जिसे उम्मीद है आप सब और भी ज्यादा पसंद करेंगे।

एक्टर ने फैंस से माफी मांगते हुए आगे लिखा, कुछ समय के लिए (पता नहीं कितने समय के लिए) मुझे सोशल मीडिया पर बिल्कुल न दिखने के लिए माफ कर देना। आपका प्यार छोड़ना नामुमकिन है। जैसे ही पर्सनल लक्ष्य पूरे हो जाएंगे और नई अच्छी आदतें बन जाएंगी, मैं जरूर वापस आऊंगा। प्लीज मुझे मत भूलना। आप सभी को ढेरों प्यार।

# 12 दिन की ब्रह्मपुत्र यात्रा पर बोलीं कुब्रा सैत

अभिनेत्री कुब्रा सैत अपने जीवन के सबसे रोमांचक निजी सफ़र में से एक के लिए तैयार हैं और वो है 1 दिसंबर से शुरू होने वाली शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी पर 12 दिन की राफ्टिंग एक्सपीडिशन। अपनी फिल्मों 'देवा', 'सन ऑफ सरदार 2' और 'द ट्रायल सीज़न 2' में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद, अब कुब्रा स्क्रीन से दूर जंगलों की ओर रुख कर रही हैं, उस सपने की ओर जिसे वह पिछले सात वर्षों से अपने दिल में संजोए हुए थीं। अपने इस अनुभव को वे पागलपन से भरा अनुभव बताते हुए कहती हैं, 'यह सपना तब शुरू हुआ जब मैंने पहली बार उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पास काली नदी में राफ्टिंग की और तब से यह मेरी बकेट लिस्ट में है। मुझे यकीन है पिछली बार की तरह इस बार भी यह एक पागलपन भरा अनुभव होने वाला है।' वैसे पिछले साल उन्होंने तंजानिया में माउंट किलिमंजारो फतह किया था, जिसे वे रोमांचक और रौंगटे खड़े कर देने वाला अनुभव बताती हैं। इस नए सफ़र के लिए कुब्रा जल्द ही असम के डिब्रूगढ़ पहुंचनेवाली हैं, जहाँ से वे अपने एक्सपीडिशन ग्रुप के साथ आगे बढ़ेंगी और पैडलिंग, राफ्टिंग और नदी किनारे टेंट में रातें बिताएंगी। उनकी माने तो उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती और इनाम, यही होगा कि वे अपने आराम को पीछे छोड़कर प्रकृति से सीधा सामंजस्य स्थापित करें। वे बताते हैं, 'ऐसे अभियानों में असली डर का सामना करने से मेरे करियर की चुनौतियाँ बहुत छोटी लगने लगती हैं।



# कहानी कहने का तरीका बदल देगी धुरंधर

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक्ट्रेस गीतिका गंजू अहम किरदार में नजर आएंगी। गीतिका का मानना है कि धुरंधर एक ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शक काफी पसंद करेंगे। गीतिका गंजू का मानना है कि बहुत कम ऐसी फिल्में आती हैं जो कहानी कहने का तरीका बदल देती हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने में सफल होती हैं। धुरंधर भी ऐसी ही फिल्म है। एक्ट्रेस गीतिका ने को-एक्टर रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ काम करने को शानदार बताया। एक्ट्रेस ने कहा, धुरंधर एक जबरदस्त फिल्म बनने के साथ सिनेमाघरों में छाने को तैयार है। भारत में इस जॉनर को शायद पहले कभी इतनी सच्चाई और स्टाइल के साथ नहीं दिखाया गया। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म की तारीफ करते हुए गीतिका ने स्पष्ट कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसी फिल्म आती है, जो कहानी कहने का तरीका बदल देती है, धुरंधर वैसी ही फिल्म है। गीतिका ने बताया, आदित्य धर और लोकेश धर ने फिल्म के लिए खूब मेहनत की है, जिसका नतीजा स्क्रीन पर दिखेगा। आदित्य धर ने कहानी को बेहद बोल्ड और रियल तरीके से पेश किया है। गीतिका ने आगे कहा कि फिल्म का हर एक एक्टर खास है। राकेश बेदी, रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के साथ काम करना उनके लिए यादगार रहा। रणवीर सिंह को एक्शन में देखने का अनुभव शानदार रहा।

गीतिका गंजू ने अपनी एक्टिंग से खास पहचान बनाई है। आमिर खान प्रोडक्शंस की 'लाल सिंह चड्ढा', 'म्यूजिक मेरी जान', 'आर्या सीजन 2' और 'तनाव सीजन 2' जैसे सफल प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है।



# हुमा कुरैशी ने फेमिनिज्म पर जाहिर की राय



'गैंग ऑफ वासेपुर' जैसी कल्ट फिल्म का हिस्सा रहीं हुमा कुरैशी वुमन सेंट्रिक सीरीज 'महारानी' से काफी मशहूर हुईं। इस सीरीज में फेमिनिज्म को लेकर अलग नजरिया दिखाया गया। असल जिंदगी में हुमा फेमिनिज्म को लेकर क्या सोच रखती हैं। हाल ही में इसी मुद्दे को लेकर उन्होंने एक इंटरव्यू में बड़ी बात कह दी।

## फेमिनिस्ट होना गलत नहीं है

द मेल फेमिनिस्ट नाम के पॉडकास्ट में हुमा कुरैशी ने फेमिनिज्म को लेकर बात की। वह कहती हैं, 'मुझे ऐसा लगता है कि फेमिनिज्म वर्ल्ड को बहुत नेगेटिव बना दिया गया है। इस शब्द को गलत समझा जा रहा है। आप पुरुष हों या महिला, फेमिनिस्ट होना गलत नहीं है। यह एक अच्छी बात है। हम क्या बात कर रहे हैं। हम बोल रहे हैं कि सबको बराबर के अवसर दो। सबको नॉर्मल ट्रीट करो। लड़का हो या लड़की, अगर आपको एक ही तरीके से रखा जाएगा, अवसर दिए जाएंगे तो सबकी सोच एक जैसी बन जाएगी।'

## पुरुषों को नीच दिखाना मकसद नहीं

आगे हुमा कुरैशी कहती हैं, 'कोई यह नहीं कह रहा है कि आपको पुरुषों को नीचा दिखाना चाहिए। ऐसा कुछ नहीं है। हम बेसिक कॉमन सेंस की बात कर रहे हैं।' इसी तरह हुमा ने फेमिनिज्म को लेकर अपना नजरिया पूरी तरह से क्लीयर कर दिया।

हुमा कुरैशी का करियर फ्रंट

हुमा कुरैशी की हाल ही में सीरीज 'महारानी 4' रिलीज हुई। इसके अलावा वह सीरीज दिल्ली क्राइम्स 3 का भी हिस्सा बनीं। कुछ वक्त पहले ही एक फिल्म सिंगल सलमा में भी लीड रोल हुमा ने किया था।

# सुरक्षित रहना हर लड़की का जन्मसिद्ध अधिकार

## मुंबई में समझी सेफ होना कैसा महसूस होता है



**नाटक हों या विज्ञापन की दुनिया या हो फिल्में या फिर ओटीटी, निमरत कौर ने खुद को हर जगह साबित किया। द लंचबॉक्स जैसी फिल्म से सभी का दिल जीतने वाली ये एक्ट्रेस एयरलिफ्ट और दसवी जैसी फिल्मों में नजर आईं। पिछले दिनों वेब सीरीज कुल में सराही गई निमरत इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज द फैमिली मैन के सीजन 3 के नेगेटिव रोल से।**

**अब तक आप परदे पर काफी मजबूत महिला किरदारों में नजर आई हैं, मगर आम जिंदगी में आपको लड़कियों से जुड़ी कौन-सी बात सबसे ज्यादा परेशान करती है?**

लड़की होने के साथ जो असुरक्षा की भावना जुड़ी है, वो दुनिया के किसी भी प्रोफेशन या जगह से बड़ी है। मैं दिल्ली में पली-बढ़ी हूं, और जब मुंबई आई, तो पहली बार समझ में आया कि 'सेफ होना कैसा महसूस होता है'। और उसी समय यह सवाल और गहरा हुआ कि मुझे पहले कभी ऐसा क्यों नहीं लगा? यह मुद्दा सिर्फ दिल्ली या किसी एक शहर का नहीं। काम, समर्पण, मेहनत, ये सब हम भी उतनी ही करती हैं, जितना कोई भी इंसान करता है, फिर हम क्यों सबसे पहले खुद को सुरक्षित रखने की जद्दोजहद में लगे रहें? क्यों किसी लड़की को यह 'फायदा' लगे कि 'अच्छा है, यहां सेफ्टी ज्यादा है'? सेफ्टी कोई सुविधा नहीं, हमारा हक है। सुरक्षित रहना मेरा और हर लड़की का, जन्मसिद्ध और मौलिक अधिकार है। इस पर सवाल ही नहीं उठना चाहिए।

**एक एक्ट्रेस के रूप में आज आपके लिए रोल लिखे जाते हैं, शहर की होर्डिंग्स में आपके शोज या फिल्मों के बड़े-बड़े पोस्टर लगते हैं, मगर आपको अपने करियर का होर्डिंग पर लगा पहला पोस्टर याद है?**

बिलकुल याद है। वो पोस्टर था द लंचबॉक्स का। मुंबई के जुहू सर्कल पर हमेशा विशाल होर्डिंग्स लगते थे और किसी ने बताया कि वहां हमारी फिल्म का भी एक बड़ा सा पोस्टर लगा है। उस समय सोशल मीडिया का शोर इतना नहीं था, तो मेरे उत्साह का अंदाजा आप लगा सकते हैं। मैं बार-बार सोच रही थी, अरे, मेरा इतना बड़ा पोस्टर!' और उसे देखने खुद पहुंच गई। लेकिन जब मैंने वो होर्डिंग देखा मैं उसमें उल्टी थी! इरफान चिट्ठी पढ़ते और खाना खाते दिख रहे थे, और मेरी तस्वीर उल्टी लटक रही थी।

**आज एक तरफ आपके द्वारा किए जाने वाले शो जैसे लॉन्ग फॉरमेट कॉन्टेंट हैं और दूसरी तरफ आज 2-3 मिनट के माइक्रो ड्रामा के रूप में वर्टिकल शोज का चलन देखने को मिल रहा है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं आपको बताऊं, मैंने कई सालों तक विज्ञापन फिल्मों में काम किया है और उसमें तो आप 20-30 सेकेंड्स में प्रोडक्ट को बेच कर निकल जाते हैं, तो मुझे एड्स में अनुभव है, इस तरह के काम करने का। मेरा मानना है कि लॉन्ग फॉर्मेट हो या माइक्रो ड्रामा, एंगेजिंग होना चाहिए।

## खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे सीरीज में नकारात्मक किरदार मिला

अदाकार के जीवन जरूर ऐसा आता है, जब वो कुछ अलग तरह की भूमिकाएं करने का इच्छुक होता है। बहुत बार ऐसा होता है कि किरदार आपको चुन रहे होते हैं न कि आप चरित्र को। मैं बहुत खुशकिस्मत मानती हूं खुद को कि मुझे इस सीरीज में नई एंट्री के रूप में एक नकारात्मक किरदार मिला है। इससे पहले भी मैं फिल्म दसवीं और कुल जैसी सीरीज में ग्रे किरदार कर चुकी हूं। मैं आपको एक दिलचस्प बात बताऊं, करियर के शुरुआती दौर में हॉलीवुड सीरीज होमलैंड में भी मेरा नेगेटिव किरदार था। किरदार पॉजिटिव हो या नेगेटिव उसे सुनकर मजा आए, तो निभाने का अलग ही मजा होता है। जाहिर है आप अपनी जिंदगी का एक बहुत बड़ा हिस्सा उस रोल को दे रहे होते हैं। मुझे साल दर साल अपनी भूमिकाओं से याद हैं कि द लंचबॉक्स मैंने 2013 में की थी, तो होमलैंड 2019 में की थी। एक एक्टर को अपना पार्ट निभाना होता है, एक शिद्दत के साथ, मगर जब आपके साथी कलाकार कमाल के हों, तो रोल को करने का मजा बढ़ जाता है। अब जैसे इस सीरीज में मैं 110 फिल्में कर चुके मनोज बाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला। इनके साथ काम करके बहुत कुछ सीखने को मिला कि इतना लंबा समय एक्टिंग के फील्ड में बिताने के बावजूद इनकी अप्रोच भूमिका को लेकर कितनी पैशनेट है। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की हो।

# भारत की 408 रनों से शर्मनाक हार

## साउथ अफ्रीका ने 2-0 से सीरीज अपने नाम की



**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी टेस्ट में भारत को रिकॉर्ड 408 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। ये ऐतिहासिक जीत इसलिए भी खास है क्योंकि साउथ अफ्रीका ने 25 साल बाद भारतीय सरज़मीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले 2000 में उन्होंने भारत को 2-0 से हराया था। बरसापारा स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत के सामने 549 रनों का



विशाल लक्ष्य था, लेकिन टीम महज़ 140 रन पर ढेर हो गई। भारतीय बल्लेबाज़ों में केवल रवींद्र जडेजा ही संघर्ष करते दिखे, जिन्होंने 54 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका के गेंदबाज़ साइमन हार्मर ने मैच में कहर बरपाया और 6 विकेट लेकर भारत की कमर तोड़ दी।

इस हार के साथ टीम इंडिया का घरेलू मैदान पर विजय क्रम टूट गया और टीम के प्रदर्शन पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अब आने वाली सीरीज में टीम को रणनीति और बल्लेबाज़ी दोनों पर नए सिरे से काम करना होगा।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे पृथ्वी शॉ

### आईपीएल में वापसी पर रहेगी नजर

नई दिल्ली, एजेंसी। पृथ्वी शॉ एक ऐसा नाम जिसे कभी भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में गिना जाता था और अब अपने करियर को फिर से जीवित करने के निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। बीते कुछ वर्षों में खराब फॉर्म, फिटनेस चुनौतियों और ऑफ-फील्ड विवादों ने उनकी प्रगति को गहरी चोट



पहुंचाई। लेकिन 2025-26 घरेलू सीजन से पहले महाराष्ट्र में शिफ्ट होकर शॉ ने अपने लिए नई शुरुआत का रास्ता चुना है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी उनके लिए वह मंच बन सकती है, जहां वे दोबारा साबित कर सकते हैं कि उनका टैलेंट अब भी उतना ही खतरनाक है।

**पृथ्वी शॉ की नई शुरुआत : बदलाव जिसने सबका ध्यान खींचा** - मुंबई क्रिकेट के पोस्टर बॉय रहे पृथ्वी शॉ ने पहली बार अपने घरेलू करियर की दिशा बदलते हुए महाराष्ट्र को चुना। यह कदम न केवल उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा का संकेत देता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे एक स्वच्छ शुरुआत और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। वर्षों की अस्थिरता और टीम चयन में लगातार गिरावट के बाद यह बदलाव उनके करियर का अहम मोड़ माना जा रहा है।

# रोनाल्डो पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध हटा

### विश्व कप में खेलते दिखेंगे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है। आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे



आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैच मिस कर सकते हैं। हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है, और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ।

### क्या था मामला?

डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की। हालांकि, फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा।

**फीफा का फैसला क्यों विशेष है?**- आम तौर पर ऐसे मामलों में पूरी सजा लागू होती है। दिलचस्प बात यह है कि इसी महीने आर्मेनिया और बुरुंडी के खिलाड़ियों पर भी तीन-तीन मैचों का बैन लगा, लेकिन उन्हें कोई छूट नहीं मिली।

# विश्व कप से अर्जुन के बाहर होने से टूटा कैंडिडैट का सपना

**गोवा, एजेंसी।** गत सप्ताह भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और विश्व कप में भारत की आखिरी उम्मीद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी क्वाटर फ़ाइनल के टाईब्रेक मुक़ाबले



में चीन के वे यी से हारकर बाहर हो गए थे और इस तरह विश्व कप में भारत की चुनौती समाप्त हो गई . क्लासिकल मुक़ाबले में जीत से चूकने के बाद आज अर्जुन का सामना पहले रैपिड में चीन के वे यी से हुआ पर एक दिन पहले मिले जीवनदान का फ़ायदा उठाते हुए उन्होंने सफेद मोहरो से अर्जुन की फ्रेंच ओपनिंग में बेहतरीन खेल दिखाते हुए कुछ नई चालों से अर्जुन को चौंका दिया हालांकि एक समय मुश्किल में लग रहे अर्जुन किसी तरह ड्रा करने में सफल रहे , दूसरी रैपिड बाजी में अर्जुन नें सफेद मोहरो से एक समय मजबूत स्थिति हासिल कर ली थी पर वह जीतने के प्रयास में कुछ ग़लतियाँ कर बैठे और वे यी नें जीत दर्ज करते हुए टाईब्रेक 1.5-0.5 से अपने नाम कर लिया । जीतने के बाद वे यी नें कहा की अर्जुन नें जीतने के लिए ज़्यादा प्रयास किए वह खेल को ड्रा रखकर अगले टाईब्रेक में जा सकते थे । विश्व नंबर 4 अर्जुन इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में फीडे सर्किट के अंतिम क्षणो में ओर 2023 में विश्व कप क्वाटर फाइनल से हारकर कैंडिडैट से चुके है ओर यह चौंथी बार है जब उन्हे कैंडिडैट में स्थान नहीं मिला है । वहीं अन्य दो टाईब्रेक मुकाबलों में उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर सिंदारोव जावोखिर नें मेक्सिको के ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अलकांतारा को पराजित करते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया जहाँ उनका सामना अब हमवतन नोदिरबेक याकूबबोव से होगा । वहीं तीसरे मुक़ाबले में रूस के आंद्रे एसिपेंको नें यूएसए के सैम शंकलैंड को पराजित करते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया और अब उनका सामना चीन के वे यी से होना है ।

सेमी फ़ाइनल जीतने वाले दोनों खिलाड़ियों को सीधे कैंडिडेट में प्रवेश मिलेगा जबकि हारने वाले खिलाड़ियों को तीसरे स्थान के लिए मुकाबला जीतकर कैंडिडेट में पहुँचने का दूसरा और अंतिम मौका मिलेगा।

इस हार के साथ ही अब अगले फ़ीडे कैंडिडेट में भारत की उम्मीद अब सिर्फ़ प्रज्ञानन्दा ही बाक़ी है जो फ़ीडे सर्किट पॉइंट के ज़रिए अभी भी कैंडिडेट पहुँच सकते है ।

# फाइनल में पाकिस्तान नहीं, बल्कि इस टीम को हराकर टी20 वर्ल्ड कप जीतना चाहेंगे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दौर था, जब भारतीय क्रिकेटर और फैंस फाइनल में पाकिस्तान को मात देकर आईसीसी टूर्नामेंट जीतते देखना पसंद करते थे, लेकिन आज के दौर में हालात बदल गए हैं। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के अनुसार, वह ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतना पसंद करेंगे। मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। भारत और श्रीलंका में कुल 8 वेन्यू पर इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसका फाइनल 8 मार्च को खेला जाना है। भारत और पाकिस्तान को ग्रुप-ए में रखा गया है। दोनों टीमें 15 फरवरी को 'हाईवोल्टेज मैच' खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी की ओर से आयोजित आगामी टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'अगर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल है, तो मैं चाहूंगा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीते।' भारत और ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैदान पर बढ़ती प्रतिद्वंदिता के बीच सूर्यकुमार यादव चाहते हैं कि भारत टी20 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़े। इसकी दूसरी वजह यह भी है कि



टीम इंडिया कंगारुओं से वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला लेना चाहती है। 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने 240 रन बनाए थे। इसके जवाब में ट्रेविस हेड (137) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 58) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने महज 43 ओवरों में फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत को भारत को ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में टीम इंडिया के साथ पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड्स और नामीबिया की टीमें शामिल हैं। वहीं, ग्रुप-बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान को रखा गया है।

# ऐसा पहली बार होगा जब मैं टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलूंगा, यह मेरे लिए अलग अनुभव है : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 पुरुष विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को इस टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर चुना गया है। ऐसा पहली बार होगा जब रोहित शर्मा टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे, यह उनके लिए एक अलग अनुभव होगा। रोहित शर्मा ने अब तक टी20 वर्ल्ड कप के सभी एडिशन में हिस्सा लिया है। वह



साल 2007 की विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद साल 2024 में बतौर कप्तान खिताब जीता। रोहित ने कहा, 'इतने सारे देशों को टी20 वर्ल्ड कप में खेलते देखना खुशी की बात है। यह पहली बार होगा जब मैं टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलूंगा। यह मेरे लिए एक अलग अनुभव है, लेकिन मुझे घर में टीवी पर मैच देखने की आदत हो गई है।' इस मौके पर भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस इवेंट को चैलेंजिंग बताते हुए कहा कि उनके टीम के साथी घर पर खेलने के लिए उत्साहित हैं। टी20 पुरुष विश्व कप 2026 में 20 टीमों को पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान पर फोकस होगा।

वहीं नीदरलैंड्स और यूएसए भी इस ग्रुप में हैं, जिन्होंने 2024 में पिछले एडिशन में पाकिस्तान को चौंका दिया था। इनके अलावा, नामीबिया को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है। ग्रुप-बी में श्रीलंका के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान की टीमें हैं। इनके अलावा, ग्रुप-सी में इंग्लैंड के साथ वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली को शामिल किया गया है।

# पानी पर ताकत और तालमेल का खेल

### रोइंगः जिसने ओलंपिक में बनाई खास पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब 8 हजार ईसा पूर्व लोग लकड़ी के लट्ठों को आपस में बांधकर उसे इस तरह तैयार करते थे कि उसमें खड़े होकर नदी को पार कर सकें। इससे न सिर्फ उन लोगों को नदी पार करने में मदद मिलती थी, बल्कि वे इसकी सहायता से मछलियों को भी पकड़ते थे। धीरे-धीरे लकड़ी के लट्ठों को काट-छांटकर उसे नाव का आकार दिया गया। उस दौरान किसी ने सोचा नहीं था कि एक दिन यही नाव ओलंपिक में पानी पर ताकत और तालमेल का खेल बनेगी। साल 1829 में ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी बोट रेस का आयोजन हुआ।

कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को आठ पतवारों वाली नाव के साथ एक मैच में हिस्सा लेने की चुनौती दी थी। इस पहली रेस में ऑक्सफोर्ड ने जीत हासिल की थी। 19वीं शताब्दी तक यूरोप में रोइंग ने लोकप्रियता हासिल कर ली। 1900 पेरिस ओलंपिक में इस खेल को पहली बार शामिल किया गया, और तब से लेकर आज तक प्रत्येक ओलंपिक में इस खेल ने अपनी छाप छोड़ी है। 1976 मॉन्ट्रियल ओलंपिक में पहली बार महिलाओं की स्पर्धा को शामिल किया गया और फिर 1996



अटलांटा ओलंपिक में लाइटवेट स्पर्धाओं की शुरुआत हुई। रोइंग रेस के दो प्रकार होते हैं- स्कलिंग और स्वीप ओअर। स्कलिंग में दो पतवारों का प्रयोग होता है, जबकि स्वीप में नाविक एक पतवार का उपयोग करता है। नाव चलाने वाले एथलीट व्यक्तिगत रूप से या फिर 2, 4 और 8 की टीमों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। डबल स्कल्स एथलीट दोनों हाथों में एक-एक पतवार पकड़ते हैं, जबकि स्वीप रोइंग एथलीट दोनों हाथों से एक पतवार को पकड़ते हैं। 8 व्यक्तियों की टीम में एक मुख्य चालक होता है, जो अन्य सदस्यों को निर्देश देता है। उसे 'कॉक्सवेन' कहा जाता है।

उनके अलावा, अन्य सदस्य एक फुट पेडल के साथ पतवार को नियंत्रित करते हैं। प्रत्येक 10 से 12.4 मीटर की दूरी पर पानी की गहराई के साथ एक खास चीज को बांधकर रास्तों को चिन्हित किया जाता है। अगर किसी टीम या एथलीट से गलत शुरुआत हो जाए, तो उसे चेतावनी दी जाती है। अगर वह एथलीट या टीम गलती दोहराती है, तो उसे अयोग्य करार दिया जाता है। नाव का अगला भाग फिनिश लाइन कब पार करता है, यह जीत को तय करता है। भारतीय रोइंग ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह प्रगति की है, उसे देखते हुए ओलंपिक में भारत का भविष्य पहले से अधिक उज्ज्वल माना जा सकता है। भारतीय रोइंग में प्रतिभा का दायरा बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय रोअर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं। यह भविष्य की टीम के लिए मजबूत आधार है। उम्मीद की जा सकती है कि भारत जल्द इस खेल में भी ओलंपिक पदक हासिल करेगा।

# स्मृति मंधाना को धोखा दे रहे थे पलाश मुच्छल?

### मिस्ट्री गर्ल की पोस्ट से बड़ा ट्विस्ट आया सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूज़िक कंपोज़र पलाश मुच्छल का रिश्ता हाल ही में सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गया है। जहां यह कपल कुछ समय पहले तक अपनी प्री-वेडिंग तस्वीरों के चलते सुर्खियों में था, वहीं अब वायरल हुए कथित स्क्रीनशॉट और लगातार बढ़ती अफवाहों ने कहानी को पूरी तरह पलट दिया है। इंटरनेट पर फैली जानकारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन इन चर्चाओं ने फैंस के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति क्या है—यह जानने के लिए सबकी निगाहें कपल पर टिकी हैं।



### विवाद की वजह बनी वायरल हुई कथित चैट

पलाश मुच्छल और कोरियोग्राफर मैरी डी'कोस्टा की कथित निजी चैट ऑनलाइन फैलते ही मामला अचानक सुर्खियों में आ गया। पोस्ट की गई मैसेजिंग बातचीत में दावा किया जा रहा था कि पलाश किसी मुलाकात पर जोर दे रहे थे और अपने लॉन्ग-डिस्टेंस रिश्ते को लेकर असंतोष जता रहे थे। हालांकि, इन चैट्स की किसी भी विश्वसनीय स्रोत द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर इन पोस्ट्स ने बड़ी तेजी से बवाल खड़ा कर दिया, जिससे फैंस के बीच कई तरह के कयास लगने लगे।

### फीफा विश्व कप 2026

# ड्रॉ में स्पेन-अर्जेंटीना और फ्रांस-इंग्लैंड को फायदा! सेमीफाइनल से पहले नहीं होगी भिड़ंत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा के मुताबिक, इस नए सिस्टम का उद्देश्य है लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को रैंकिंग के आधार पर फायदा देना। साथ ही बड़े मुकाबलों को अंतिम चरण तक सुरक्षित रखना।

फीफा ने अगले साल होने वाले 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप के ड्रॉ को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। फीफा विश्व कप 2026 के लिए ड्रॉ अगले सप्ताह जारी होना है। इस ड्रॉ में पहली बार टेनिस-स्टाइल नॉकआउट ब्रैकेट सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके तहत दुनिया की शीर्ष चार टीमें स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस और इंग्लैंड को अलग-अलग हिस्सों में रखा जाएगा। इसका मतलब है कि अगर ये चारों टीमें अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल करती हैं, तो वे सेमीफाइनल से पहले एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलेंगी।



**संक्षिप्त समाचार**

# दिल्ली में अब 250 आरोग्य मंदिर

## 1000 से ज्यादा जगहों पर खोलेगी रेखा गुप्ता सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शक्ति नगर से 70 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक एवं सामान्य दवाओं की निशुल्क उपलब्धता, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए मातृ–शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, जरूरी टीकाकरण जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अब तक लगभग 250 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किये जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य




दिल्ली में 1000 से अधिक आरोग्य मंदिर स्थापित करने का है। बड़े अस्पतालों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए कॉलोनी स्तर पर ऐसी स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत आवश्यक है। सरकार का यह भी लक्ष्य है कि राजधानी की प्रत्येक विधानसभा में कुल 15 ऐसे केंद्र खोले जाएं। उन्होंने आवश्यक नागरिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने में विफल रहने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि दशकों के शासन के बाद भी राष्ट्रीय राजधानी के बड़े हिस्से में अब भी पानी और सीवर लाइनों का अभाव है।

### इन जगहों पर हुई शुरुआत

आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरुआत एमसीडब्ल्यू बुराड़ी, बख्तावरपुर गांव, सामुदायिक भवन नबी करीम, देव नगर, घेवरा गांव, सी ब्लॉक सुल्तानपुरी, एस ब्लॉक मंगोलपुरी, एमसीडब्ल्यू सेंटर विवेक विहार, डीजीडी कड़कड़डूमा कोर्ट, एमसीडब्ल्यू टैगोर गार्डन, फतेह नगर सहित 70 स्थानों पर हुई है।

**ये सुविधाएं मिलेंगी**– आरोग्य मंदिर में मुफ्त में कई तरह की जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें नियमित स्वास्थ्य जांच, 14 से अधिक प्रकार की पैथोलॉजिकल जांच (जैसे ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, डेंगू) और 79 अन्य एडवांस जांचें (जैसे लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, थायरॉयड) शामिल हैं।

# दिल्ली रोहिणी में बेकाबू एसयूवी गेट-दीवार तोड़ घर में घुसी

### बाल-बाल बची बुजुर्ग महिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर–25 में सोमवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बेकाबू तेज रफ्तार एसयूवीकार सीधे एक मकान के अंदर जा घुसी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि रात करीब 1:30 बजे सफेद रंग की ये लग्जरी एसयूवी अचानक अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ी, फिर जोरदार टक्कर मारते हुए घर के लोहे के मुख्य गेट को तोड़कर अंदर घुस गई। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि गेट के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी घर के अंदर लगभग 15–20 फीट तक चली गई।

### अचानक मौत ने दी दस्तक

घर में उस वक्त 70 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला बिस्तर पर लेटी हुई थीं। गनीमत रही कि कार ठीक उनके बगल में रुकी, चंद इंच का फासला बचा था। महिला को मामूली चोटें आईं, लेकिन जान बच गई। पर घर का सारा सामान बिखर गया टीवी, फ्रिज, सोफा, अलमारियां सब तहस–नहस हो गए। ड्राइवर फरार, पुलिस तलाश में जुटी हादसे के बाद ड्राइवर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में शक है कि ड्राइवर या तो नशे में था या फिर तेज रफ्तार के साथ फोन पर व्यस्त होने से नियंत्रण खो बैठा।

## दिल्ली धमाके ने छीन लिया कश्मीरी महिला का आशियाना, बोलीं- ये शहर मुझे नहीं चाहता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट ने एक महिला से उसका आशियाना ही छीन लिया है। जिस दिल्ली में वह 13 साल रही, उस देश की राजधानी में उसे कोई किराया का घर देने तको तैयार नहीं है। कश्मीरी महिला का कहना है कि यह वह जगह है जहां मैंने दोस्त बनाए, अपनी पहचान बनाई और शुरू से अपनी जिंदगी बनाई, लेकिन यह बहुत पराया सा महसूस हुआ। मारिया नाम की महिला ने दुखी स्वर में कहा कि जिस शहर में मैं 13 साल तक रही, वह मुझे अब नहीं चाहता,लेकिन न तो इस महिला का नाम दिल्ली बम ब्लास्ट से जुड़ा है और न ही इसका कोई उस धमाके से वास्ता है,पर फिर क्यों दिल्लीवाले मारिया को घर देने से मना कर रहे हैं।

आइए जानते हैं। इस महीने काम से तीन महीने की छुट्टी के बाद जब मारिया बिलाल दिल्ली लौटीं, तो उन्हें किराये पर रहने के लिए घर नहीं मिल पाया। 36 वर्षीय कम्युनिकेशन प्रोफेशनल मारिया ने कहा, ऐसा लगा जैसे जिस शहर में मैं 13 साल तक रही, वह मुझे अब नहीं चाहता।

यह वह जगह है जहां मैंने दोस्त बनाए, अपनी पहचान बनाई और शुरू से अपनी जिंदगी बनाई, लेकिन यह बहुत पराया सा महसूस हुआ। मारिया ने अपना पूरा कामकाजी जीवन दिल्ली में ही बिताया है। चूंकि वह लाजपत नगर का जिस घर में पिछली बार रहती थीं, वह अब उपलब्ध नहीं था, इसलिए मारिया ने ब्रोकरों से संपर्क किया।

# लाल किले ब्लास्ट को 15 दिन बीत गए लेकिन पीड़ितों के जख्म अभी भी हैं ताजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लाल किला के पास हुए ब्लास्ट ने पूरे देश को हिला कर रख दिया। इस धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 10 नवंबर को हुए इस धमाके को पूरे 15 दिन हो गए, लेकिन पीड़ितों की जिंदगी अभी भी उसी पल में अटकी हुई है।

**रात को चीखकर उठता है 21 साल का लड़का**– टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 21 साल के राहुल कौशिक कनॉट प्लेस में 3डी एनिमेशन का कोर्स कर रहा था। हर सोमवार वह दोस्त अंकुश के साथ गौरी शंकर मंदिर जाता था। उस दिन भी गया। धमाका हुआ तो राहुल कई मीटर दूर जा गिरा। खून बह रहा था, फिर भी उठा और अंकुश को ढूंढने दौड़ा। अंकुश मिला, लेकिन उसकी एक आंख हमेशा के लिए चली गई। राहुल को बाएं कान से बिल्कुल सुनाई दे रहा। दाहिने कान भी ठीक से काम नहीं कर रहा। रात में तीन-चार घंटे से ज्यादा



नींद नहीं आती। आंख बंद करते ही सब वापस लौट आता है। वह चीखकर उठ जाते हैं, सांस फूलती है और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। अब वो कॉलेज नहीं जा रहे, घर से बाहर भी नहीं निकलते।

**नौकरी गई, शादी टल गई**– दरियागंज की 23 साल की शाइना का बायां कान भी काम नहीं कर रहा। दाहिने कान से भी कम सुनाई देता है। अस्पताल से लौटी तो ऑफिस ने नौकरी से निकाल दिया।

### घर का इकलौता कमाने वाला, अब चल नहीं सकता

33 साल के कैब ड्राइवर भवानी शंकर शर्मा उसी विस्फोटक कार के ठीक पीछे थे। दाहिना चेहरा और हाथ जख्मी हो गया। पैर की मांसपेशियां फट गईं। डॉक्टरों ने कहा कम से कम छह महीने काम नहीं कर पाएंगे। गाड़ी जल गई, कमाई बंद हो गई। डॉक्टर के पास जाने के लिए दूसरी कैब में बैठे तो पैनिक अटैक आया। आज भी कान में वही घंटियां और चीखें गूंजती हैं। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि धमाके को 15 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से किसी भी पीड़ित को अब तक कोई आधिकारिक मनोवैज्ञानिक सहायता या काउंसलिंग नहीं दी गई है।

## लूव्र म्यूजियम में चोरी के मामले में 4 और आरोपी गिरफ्तार

**पेरिस , एजेंसी।** पेरिस के अभियोजक ने मंगलवार को चार और गिरफ्तारियों की जानकारी की है। यह गिरफ्तारी अक्टूबर में लूव्र म्यूजियम में हुई उस चौंकाने वाली चोरी के सिलसिले में हुई है, जिसमें एक गैंग ने 10.2 करोड़ डॉलर के गहने चोरी किए थे। पड़ताल को लीड कर रही अभियोजक लॉरे बेकुओ ने कहा कि हिरासत में लिए गए दो पुरुष और दो महिलाएं पेरिस इलाके के हैं और उनकी उम्र 31 से 40 साल के बीच है। उनके बयान में यह नहीं बताया गया कि 19 अक्टूबर की चोरी में उन पर क्या भूमिका होने का शक है। पुलिस उनसे 96 घंटे तक पूछताछ कर सकती है। फ्रेंच मीडिया की रिपोर्ट है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक, 39 साल का आदमी जिसे पुलिस सर्विस पहले से जानती है, माना जा रहा है कि वह उस टीम का चौथा सदस्य है जिसने दिनदहाड़े इस बड़ी लूट को अंजाम दिया और वह ऑबरविलियर्स का रहने वाला है, जो पेरिस के उत्तर में एक सबअर्ब है, जिससे दूसरे संदिग्धों के कनेक्शन हैं।

**संयुक्त राष्ट्र की चौंकाने वाली रिपोर्ट**

## दुनिया में हर 10वें मिनट एक महिला की हत्या, हर दिन 137 महिलाओं की मौत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दुनिया भर में लगभग हर 10 मिनट में किसी महिला या लड़की की हत्या उसके साथी या परिवार के सदस्य द्वारा कर दी जाती है। यह औसतन हर दिन 137 हत्याएं बनती हैं। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) और यूएन विमेन की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि फेमिसाइड (महिलाओं की लैंगिक आधार पर हत्या) अब भी लाखों महिलाओं और लड़कियों की जान ले रहा है और इस पर रोक लगाने में कोई ठोस प्रगति नहीं दिख रही।



यूएनओडीसी के कार्यकारी निदेशक जॉन ब्रांडोलिनो ने कहा, दुनिया की बहुत बड़ी संख्या में महिलाओं और लड़कियों के लिए घर आज भी खतरनाक और कई बार जानलेवा जगह बना हुआ है। उन्होंने फेमिसाइड रोकने के लिए बेहतर रोकथाम उपायों और प्रभावी न्यायिक व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया।

# चीन को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में ताइवान

### राष्ट्रपति पेश करेंगे 40 अरब का अतिरिक्त रक्षा बजट

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान ने चीन की आक्रामकता को मुंहतोड़ जवाब देनी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख में कहा कि देश अपनी रक्षा के दृढ़ संकल्प को दर्शाने के लिए 40 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त रक्षा बजट पेश करेगा। इस बजट में जरूरी नए अमेरिकी हथियारों की खरीद की योजना भी शामिल है।



राष्ट्रपति चिंग-ते के इस बयान से चीन को मिर्ची लगना तय है। बीते पांच वर्षों में चीन ने ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताने के दावों को पुख्ता करने के लिए ताइपे पर सैन्य और राजनीतिक दबाव बढ़ा दिया है। हालांकि, ताइवान इसे दृढ़ता से खारिज करता रहा है। ताइवान को वाशिंगटन से अपनी रक्षा पर ज्यादा खर्च करने के लिए भी गुजारिश करनी पड़ रही है, जो यूरोप पर अमेरिका के दबाव को दर्शाता है। इस साल अगस्त महीने में लाई ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि 2030 तक रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद के 5 फीसदी तक पहुंच जाएगा। उन्होंने मंगलवार को प्रकाशित लेख में कहा, 'यह ऐतिहासिक पैकेज न केवल अमेरिका से महत्वपूर्ण नए हथियारों की खरीद को वित्तपोषित करेगा, बल्कि ताइवान की विषम क्षमताओं को भी व्यापक रूप से बढ़ाएगा।' उन्होंने लिखा कि ऐसा करने में हमारा लक्ष्य बीजिंग की ओर से बल प्रयोग के संबंध में फैसले लेने में ज्यादा लागत और अनिश्चितताएं डालकर निवारण को मजबूत करना है।

लाई ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह अतिरिक्त रक्षा व्यय का प्रस्ताव देंगे , लेकिन उन्होंने इसका ब्यौरा नहीं दिया था। उनके कार्यालय ने बताया कि लाई बुधवार सुबह वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की बैठक के बाद रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के साथ एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे।

2026 तक सरकार रक्षा खर्च को 949.5 अरब ताइवान डॉलर (30.25 अरब डॉलर) तक पहुंचाने का प्रस्ताव कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह जीडीपी के 3.32 फीसदी के बराबर है, जो 2009 के बाद पहली बार 3 फीसदी की सीमा को पार कर गया है। औपचारिक राजनयिक संबंधों के अभाव के बावजूद अमेरिका कानून के मुताबिक ताइवान को आत्मरक्षा के साधन मुहैया कराने के लिए बाध्य है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से उनके प्रशासन ने अब तक ताइवान को केवल एक नए हथियार की बिक्री को मंजूरी दी है। जो लड़ाकू जेट और अन्य विमान भागों के लिए 330 मिलियन डॉलर का पैकेज है, जिसकी घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी।

लाई ने लिखा, 'हम राष्ट्रपति ट्रंप के आभारी हैं कि उन्होंने दुनिया भर में अमेरिकी नेतृत्व के महत्व को स्पष्ट कर दिया है। ट्रंप प्रशासन की ताकत के जरिए शांति की कोशिशों की वजह से आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय ज्यादा सुरक्षित है।' चीन की ओर से अलगाववादी घोषित किए जाने की कोशिशों के बावजूद उन्होंने चीन के साथ वार्ता करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

### इमरान खान से बहनों को मिलने से रोका गया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पाकिस्तान की सरकार और सेना पर लंबे समय से उन्हें जेल में प्रताड़ित करने का आरोप लगता रहा है। इमरान खान के परिवार को भी उनसे मिलने की इजाजत नहीं मिल रही है। इसी बीच अफगानिस्तान ने पूर्व पीएम को लेकर सनसनीखेज दावा किया है।
अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इमरान खान की जेल में हत्या कर दी गई है। हालांकि, पाकिस्तान इन दावों को झूठा करार दिया है।
**इमरान को परिवार से नहीं मिलने दिया**– बीते दिन इमरान खान की बहनें नूरीन खान, अलीमा खान और उज्मा खान उनसे मिलने अदियाला जेल के बाहर पहुंची थीं। इस दौरान इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के समर्थकों ने भी जेल बाहर धरना प्रदर्शन किया। सभी प्रदर्शनकारी इमरान खान की हेल्थ रिपोर्ट साझा करने की मांग कर रहे थे। मगर, पाक हुकूमत सभी प्रदर्शनकारियों के साथ बेरहमी से पेश आई।

# इथियोपिया में ज्वालामुखी का प्रकोप थमा



**अदीस अबाबा, एजेंसी।** उत्तरी इथियोपिया के लंबे समय से निष्क्रिय रहे हेली गुब्बी ज्वालामुखी में पिछले सप्ताहांत हुए विस्फोट के बाद अब ज्वालामुखीय गतिविधि कम हो गई है। इस विस्फोट ने आसपास के इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया और राख के बादल उड़ान मार्गों में फैल जाने के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं।

अफार क्षेत्र के अफदेरा जिले के गांव राख की मोटी परत से ढक गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार लोग खांसी की समस्या से जूझ रहे हैं और पशुधन के लिए पानी और घास पूरी तरह राख से ढक गई है। ज्वालामुखी विस्फोट के बाद कई एयरलाइंस ने प्रभावित रूटों पर उड़ानें रद्द कर दीं।

मौसम विभाग के अनुसार राख के बादल देर शाम तक साफ होने की संभावना है। भारत की एयर इंडिया ने सोमवार और मंगलवार को 11 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल थीं। एयरलाइन ने बताया कि भारतीय विमानन नियामक के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों से गुजरने वाले विमानों की जांच की जा रही है। भारत की अकासा एयर ने भी जेद्दा, कुवैत और अबू धाबी जैसी मध्य पूर्व की उड़ानों पर रोक लगाई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें मंगलवार को रद्द हुईं, जबकि एक अधिकारी के अनुसार दर्जन भर उड़ानें देरी से रवाना हुईं। मौसम विभाग ने बताया कि 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई और हवा की गति 100 से 150 किमी प्रति घंटा होने के कारण राख का यह गुबार बड़ा खतरा नहीं बना। यह गुबार अब चीन की ओर बढ़ गया है।

# बैंक मैनेजर ने 14वीं मंजिल से कूद दी जान, घरवालों को वॉट्सऐप पर सुसाइड नोट भेज बताई वजह

**गाजियाबाद, एजेंसी।** यूपी के गाजियाबाद जिले में मंगलवार को एक बैंक मैनेजर ने एक बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चालीस वर्षीय रोहित बत्रा के रूप में हुई, जो कि हापुड़ में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में बतौर ब्रांच मैनेजर नौकरी कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आत्मघाती कदम उठाने से पहले रोहित ने परिजनों को वॉट्सऐप पर एक सुसाइड नोट भी भेजा था, जिसमें उसने संपत्ति विवाद की वजह से मानसिक तनाव में होने का जिक्र किया। बत्रा ने जिस इमारत से कूदकर जान दी, उसकी सातवीं मंजिल पर उसका एक फ्लैट भी था, लेकिन वह हापुड़ में रह रहा था।

पुलिस के अनुसार इस घटना के बारे में उस वक्त पता चला जब राजनगर एक्सटेंशन इलाके की सोसाइटी में तैनात गार्ड ने एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी। जिसके बाद वह तुरंत आवाज वाली जगह पर दौड़कर गया, वहां पर उसने एक शख्स को जमीन पर गिरा हुआ और खून से लथपथ पड़ा हुआ पाया।

मामले की जानकारी देते हुए एसीपी उपासना पांडे ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और फिर घायल मिले शख्स को पास के अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पास युवक की मौत की सच्चाई का पता लगाने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस जानना चाहती थी कि रोहित चौदहवीं मंजिल पर कैसे पहुंचा था, और क्या उसके साथ कोई और भी था।

# गाजियाबाद के किसानों का 15 साल का इंतजार खत्म, आज से मिलेंगे भूखंड

**गाजियाबाद , एजेंसी।** मधुबन बापूधाम योजना से प्रभावित किसानों का 15 साल का इंतजार खत्म होगा। उन्हें अब भूखंड मिलेंगे। 27 और 28 नवंबर को जीडीए हिंदी भवन में किसानों को भूखंड देने के लिए ड्रॉ निकालेगा। दो चरणों में होने वाले ड्रॉ में 647 भूखंड दिए जाएंगे। इसके बाद किसान इनका नक्शा पास कराके निर्माण कर सकेंगे। जीडीए ने वर्ष 2004 में छह गांव की करीब 1,234 एकड़ जमीन पर मधुबन बापूधाम योजना लॉन्च की थी, जिसमें से 800 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया। फिर 153 एकड़ और मिल गई और इसे भी विकसित किया।



जबकि बची हुई 281 एकड़ जमीन के किसान सुप्रीम कोर्ट चले गए।

साल 2016 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अंत में जीडीए ने नए भू अधिग्रहण कानून के तहत 281 एकड़ जमीन के किसानों को मुआवजा देते हुए जमीन का अधिग्रहण किया। इस फैसले के बाद 800 एकड़ जमीन के किसान भी नए भू अधिग्रहण कानून के तहत बढ़े मुआवजे की मांग कर रहे हैं। साथ ही सभी किसान जमीन दिए जाने की एवज में मिलने वाले भूखंडों की भी मांग कर रहे हैं।

अब जीडीए सभी किसानों को उनकी जमीन की एवज में नियमानुसार भूखंड देगा।

## दिल्ली में गद्दों के नीचे दबने से 2 साल के बच्चे की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में सोमवार दोपहर को गद्दों के नीचे दबने से दो साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान दो साल के देवराज के तौर पर हुई है। पंकज कुमार परिवार के साथ निलोठी गांव में रहते हैं। पंकज का खराब रजाई गद्दों की बिक्री का काम है। सोमवार को घर के बाहर टेम्पो खड़ा था और इसमें कुछ गद्दे रखे हुए थे। इसी दौरान देवराज अपने पांच साल के भाई और पड़ोस के बच्चे के साथ टेम्पो में खेल रहा था। वह खेलते–खेलते टेम्पो में सो गया और दोनों बच्चे वहां से चले गये। इस बीच परिजनों ने बच्चे का ध्यान नहीं दिया।

